Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 89 | शुक्रवार, 03 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मिडिल ईस्ट संकट पर सीसीएस की बैठक: पीएम मोदी बोले- जनता पर नहीं पड़ने देंगे असर, हमारी तैयारी पूरी

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति की समीक्षा की गई और भारत के राष्ट्रीय हितों पर इसके संभावित प्रभाव का आकलन किया गया।

28 फरवरी, 2026 को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों के बाद से यह सीसीएस की दूसरी बैठक थी। इन हमलों के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य सहित पूरे क्षेत्र में व्यवधान उत्पन्न हुआ और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता आई।प्रेट्र के अनुसार, बैठक में पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई और आम आदमी की जरूरतों की उपलब्धता का आकलन किया गया।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि बैठक में मोदी ने नागरिकों को संघर्ष के प्रभाव से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने उर्वरकों की स्थिति और खरीफ तथा रबी सीजन में उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का जायजा लिया। उन्होंने जनता को गलत सूचना और अफवाहों से बचाने के लिए प्रामाणिक जानकारी का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बुधवार शाम को हुई उच्च स्तरीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी बैठक में मौजूद थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन भी बैठक में शामिल हुए।

कैबिनेट सचिव ने वैश्विक स्थिति और विभिन्न मंत्रालयों द्वारा पहले से ही उठाए गए या विचाराधीन उपायों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, पेट्रोलियम आयात, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा, कृषि, लघु एवं मध्यम अवधि के उपक्रमों (एमएसएमई), निर्यात, जहाजरानी, व्यापार, वित्त और आपूर्ति श्रृंखला सहित प्रमुख क्षेत्रों पर संकट के अल्पकालिक, मध्यम अवधि के और दीर्घकालिक प्रभावों पर चर्चा की गई। बैठक में मंत्रालयों द्वारा किए गए उपायों की समीक्षा की गई और आगे की पहलों पर विचार-विमर्श किया गया।

### बैठक के प्रमुख फैसले और निर्देश

**पेट्रोलियम उत्पादों की सुरक्षा:** पेट्रोलियम उत्पादों, खासकर एलपीजी और एलएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने का काम तेज किया जा रहा है।

**एलपीजी कीमतें स्थिर:** घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की कीमतें अपरिवर्तित रखने का फैसला लिया गया।

**जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती:** अवैध व्यापार और कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत किया जा रहा है।

**ईंधन शुल्क और बिजली क्षेत्र:** ईंधन शुल्क में कमी और बिजली उत्पादन से संबंधित उपायों की समीक्षा की गई। थर्मल पावर प्लांटों को अतिरिक्त कोयले की आपूर्ति और गैस आधारित बिजली उत्पादन के लिए मानदंडों में ढील देने जैसे कदमों पर चर्चा हुई।

**कोयला भंडार पर्याप्त:** अधिकारियों ने बताया कि आने वाले महीनों में बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयले का भंडार उपलब्ध है।

## 'ऑपरेशन सिन्दूर अभी खत्म नहीं हुआ', राजनाथ सिंह का पाकिस्तान को संदेश, कोई दुस्साहस किया तो..

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक स्थिति के बीच भारत के पड़ोसी द्वारा किसी भी प्रकार के दुस्साहस को अंजाम देने की स्थिति में निर्णायक कार्रवाई की कड़ी चेतावनी जारी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि मौजूदा हालात में हमारा पड़ोसी कोई भी दुस्साहस कर सकता है। अगर वह ऐसा करता है, तो भारत की कार्रवाई अभूतपूर्व और निर्णायक होगी। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। चुनाव वाले केरल में सैनिक सम्मान सम्मेलन में बोलते हुए, राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना के जहाज देश के टैंकरों को व्यस्त जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से निकाल रहे हैं। राजनाथ सिंह की टिप्पणी पाकिस्तान की ओर इशारा करती प्रतीत हुई, जिसके खिलाफ भारत ने पिछले साल मई में जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में एक महीने पहले हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले शुरू किए थे। देश में ईंधन संकट की अफवाहों को खारिज करते हुए, राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोग पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष को लेकर झूठ फैलाकर दहशत पैदा करना चाहते हैं। देश में न तो पेट्रोल-डीजल की कमी है और न ही गैस की। भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष पर इस संकट के दौरान देश के साथ खड़े होने के बजाय छोटी राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया।

## कोयला तस्करी केस: आई-पीएसी पर ईडी का शिकंजा, दिल्ली-बेंगलुरु समेत कई शहरों में छापेमारी

वेलकम इंडिया नेटवर्क




**नई दिल्ली।** कोयला तस्करी मामले में एऊने I-PAC के दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद के ठिकानों पर छापेमारी की है। इसमें बेंगलुरु के ऋषि राज सिंह के घर भी जांच चल रही है। आरोप है कि करोड़ों का हवाला वाला पैसा आई-पैक तक पहुंचाया गया था।

पश्चिम बंगाल के चर्चित कोयला तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। खबर है कि ईडी की टीमें राजनीतिक रणनीति बनाने वाली मशहूर फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (I-PAC) से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। यह कार्रवाई केवल एक शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि जांच एजेंसियां दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में एक साथ कई जगहों पर तलाशी ले रही हैं।

इस छापेमारी से जुड़ी अहम जानकारी बेंगलुरु से सामने आई है, जहां क-ढअउ से जुड़े ऋषि राज सिंह के ठिकानों पर भी एऊकी टीमें मौजूद हैं। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी को कुछ ऐसे पुख्ता सुराग मिले हैं, जिनके तार सीधे तौर पर कोयला तस्करी से जुड़े पैसों तक जा सकते हैं। एऊअब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इस अवैध कमाई का इस्तेमाल राजनीतिक मैनेजमेंट या अन्य गतिविधियों में किया गया था। अब आपके मन में सवाल आया होगा कि ऋषि राज सिंह आखिर हैं कौन? दरअसल, ऋषि राज सिंह आई-पैक के को-फाउंडर और डायरेक्टर हैं। उन्हें इस संस्था के सबसे पुराने और शुरूआती सदस्यों में से एक माना जाता है, जो पर्दे के पीछे से पूरी रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब आई-पैक ईडी के निशाने पर आई हो। इससे पहले भी पश्चिम बंगाल में कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के दौरान कोलकाता में आई-पैक के दफ्तर और इसके प्रमुख प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी हो चुकी है। ईडी ने गंभीर आरोप लगाया था कि आई-पैक उन संस्थाओं में से एक है, जिसका सीधा संबंध हवाला के पैसों से है। जांच में यह बात सामने आई थी कि कोयला तस्करी से जो काली कमाई हुई, उसका एक बड़ा हिस्सा शाकंभरी ग्रुप ऑफ कंपनीज को भेजा गया था। एजेंसी का दावा था कि इस पूरे खेल में एक हवाला ऑपरेटर शामिल था, जिसने अपराध की कमाई को ठिकाने लगाने के लिए आई-पैक को करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए थे। ईडी का सीधा आरोप है कि आई-पैक को करोड़ों रुपये का अवैध फंड ट्रांसफर किया गया। इसी साल 8 जनवरी को जब पीएमएलए कानून के तहत छापेमारी हुई थी, तब कई ऐसे लोगों का पता चला था जो कोयला तस्करी के पैसों को इधर-उधर करने में शामिल थे। वहीं, उस दौरान छापेमारी की खबर मिलते ही बंगाल की राजनीति में भारी खलबली मच गई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सबसे पहले आई-पैक प्रमुख प्रतीक जैन के लाउडन स्ट्रीट स्थित घर पर पहुंची थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि ये छापेमारी गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर की जा रही है। उन्होंने कहा था कि बीजेपी के पास करोड़ों की संपत्ति है, लेकिन एजेंसियां उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करतीं, बल्कि टीएमसी की चुनावी रणनीति जानने के लिए यह ड्रामा किया जा रहा है। प्रतीक जैन के घर से बाहर निकलते वक्त ममता बनर्जी के हाथ में एक ग्रीन फाइल देखी गई थी, जिसने सबको हैरान कर दिया था। इसके बाद वह सीधे आई-पैक के साल्ट लेक स्थित दफ्तर पहुंची थीं, जहां वह पिछले दरवाजे से अंदर दाखिल हुईं।

## राघव चड्ढा की लोकप्रियता से घबरा गये थे केजरीवाल या बात कुछ और थी? उपनेता पद से क्यों हटाया?

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा पर उनकी पार्टी ने बड़ी कार्रवाई की है। पहले से ही इस तरह के संकेत मिल रहे थे कि राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी के बीच दूरियां बढ़ रही हैं और अब उनकी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को जो पत्र लिखा है उसने राजनीतिक रूप से सनसनी मचा दी है।

हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी ने अपने पत्र में राघव चड्ढा को उच्च सदन में उपनेता के पद से हटाने की मांग की है। इसके साथ ही पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि उन्हें राज्यसभा में पार्टी के कोटे से बोलने का समय भी नहीं दिया जाए। आम आदमी पार्टी ने अपने पत्र में अशोक मित्तल को राज्यसभा में नया उपनेता बनाने का प्रस्ताव दिया है और सचिवालय से इस नियुक्ति को जल्द से जल्द औपचारिक रूप देने का अनुरोध किया है।

हम आपको बता दें कि वर्तमान में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में कुल दस सदस्य हैं, जिनमें से सात पंजाब से और तीन दिल्ली से आते हैं। जहां तक राघव चड्ढा के राजनीतिक सफर की बात है तो यह काफी तेज और प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत वर्ष 2012 में अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली लोकपाल विधेयक पर काम करते हुए की थी। इसके बाद वह तेजी से पार्टी के प्रमुख चेहरों में शामिल हो गए। वर्ष 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद उन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया और फिर सबसे कम उम्र के कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने दक्षिणी दिल्ली से चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजेंद्र नगर सीट से जीत हासिल की। बाद में उन्हें दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष भी बनाया गया। वर्ष 2022 में राघव चड्ढा मात्र 33 वर्ष की उम्र में राज्यसभा के सबसे युवा सदस्य बने। इसके बाद उन्होंने पार्टी के संसदीय और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने मनीष सिसोदिया और भगवंत मान जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों और रणनीतियों को आगे बढ़ाया।

## सीएम ममता पर बरसे गृह मंत्री; भवानीपुर में टीएमसी-बीजेपी कार्यकताओं की भिड़ंत

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**बंगाल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम सियासी दलों की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भवानीपुर विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया।

भाजपा नेता अमित शाह ने एक्स पर अपने रोड शो का वीडियो साझा करते हुए कहा कि भवानीपुर में उमड़ा यह जनसैलाब बंगाल में परिवर्तन का प्रतीक है। तृणमूल कांग्रेस सरकार की विदाई निश्चित है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता सरकार के तुष्टीकरण का अंत होने वाला है और कमल खिलने वाला है।

वहीं, अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'पूरा बंगाल ममता बनर्जी की विदाई करने के लिए तैयार है। शुभेंदु दा नंदीग्राम से लड़ना चाहते हैं। मैंने उनसे कहा था कि केवल नंदीग्राम ही नहीं, बल्कि ममता बनर्जी के घर में जाकर उन्हें हराना है। ममता बनर्जी बंगाल में सरकार तो बना पाई थीं, लेकिन नंदीग्राम में शुभेंदु दा के सामने चुनाव हार गई थी। इस बार ममता बनर्जी पूरे बंगाल में भी हारेंगी और भवानीपुर में भी हारेंगी।' केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, "हर जगह पर एक ही आवाज है, इस सरकार को बदल दो। ममता बनर्जी को बाय-बाय, टाटा कर दो। आज बंगाल की पूरी जनता, जो तोलाबाजी से त्रस्त है, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं की गुंडई से त्रस्त है, महिलाओं की असुरक्षा के त्रस्त है, बिना रोकटोक घुसपैठ करके बंगाल की जनसांख्यिकी बदल रही है, इससे त्रस्त है।

आए दिन बम धमाके, गोलीबारी से त्रस्त है, युवा बेरोजगारी से त्रस्त है और भ्रष्टाचार का इतना रिकॉर्ड ममता बनर्जी ने जो बनाया है, इससे भी त्रस्त है।" उन्होंने कहा, "पूरे बंगाल की जनता मांग कर रही है कि महान पश्चिम बंगाल के अंदर अब परिवर्तन होना चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में यहां भाजपा की सरकार बननी चाहिए। पश्चिम बंगाल की सीमा को सील करके पश्चिम बंगाल और देश भर से घुसपैठियों को चुन-चुन कर देश से बाहर निकालना चाहिए।" भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से शुभेंदु अधिकारी के नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा और टीएमसी कार्यकताओं के बीच हाथापाई हो गई। बता दें कि अमित शाह और शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार दोपहर को हाजरा क्रॉसिंग से रोड शो शुरू किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य भी उनके साथ रहे। यह रोड शो भवानीपुर के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए सर्वे बिल्डिंग पर समाप्त हुआ। इसके बाद अमित शाह के साथ शुभेंदु अधिकारी ने कार्यालय में जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि नामांकन दाखिल करने में शाह की भागीदारी का उद्देश्य भवानीपुर चुनाव को पार्टी द्वारा दिए जा रहे महत्व को रेखांकित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी भवानीपुर में चुनाव प्रचार करने की संभावना है।

## राहुल गांधी ने असम चुनाव में खोला कांग्रेस के वादों का पिटारा, 11 संकल्पों वाला घोषणापत्र जारी



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**असम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया।

घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की यात्रा के दौरान 29 मार्च को 'पांच गारंटी' जारी की थीं। असम विधानसभा की 126 सीट के लिए मतदान नौ अप्रैल को होगा और मतगणना चार मई को होगी।

## मालदा की घटना से लगा ममता को लगा बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट बोला- पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के शासन को विपक्ष तो जंगलराज बताता ही है साथ ही समय समय पर सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय की टिप्पणियों से भी राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते रहे हैं। अब दो चरणों में कराये जा रहे विधानसभा चुनावों के बीच उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था के पूरी तरह पटरी से उतरने संबंधी जो टिप्पणी की है वह ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार और उनकी पार्टी के लिए करारा झटका है। अदालत की टिप्पणी से ममता बनर्जी के शासन पर गंभीर सवाल उठे हैं। अदालत ने न केवल राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि इसे कानून व्यवस्था की पूर्ण विफलता बताते हुए शीर्ष अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

हम आपको बता दें कि यह मामला उस समय सामने आया जब विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत मतदाता सूचियों की समीक्षा कर रहे सात न्यायिक अधिकारियों को मालदा जिले में कई घंटों तक घेर कर रखा गया। इनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल थीं। बताया गया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे, उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों को बाहर निकलने नहीं दिया। यह घटना दोपहर बाद शुरू हुई और देर रात तक चली, जिससे प्रशासन की तैयारी और तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस पूरे प्रकरण को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और सुनियोजित बताया। अदालत ने कहा कि यह केवल विरोध नहीं था, बल्कि न्यायिक अधिकारियों को मानसिक रूप से डराने और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास था। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

अदालत ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए? न्यायालय ने यह भी कहा कि यह राज्य सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी थी कि पहले से सूचना होने के बावजूद अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

इस घटना के बाद अदालत ने कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए हैं। चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया है कि वह केंद्रीय बलों की तैनाती सुनिश्चित करे ताकि न्यायिक अधिकारी सुरक्षित माहौल में अपना कार्य कर सकें। साथ ही जिन अधिकारियों को खतरा महसूस हो रहा है, उनके घरों पर भी सुरक्षा व्यवस्था की जाए। अदालत ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान भीड़ को सीमित रखा जाए और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

हम आपको बता दें कि मालदा की घटना का विवरण काफी चिंताजनक है। विरोध प्रदर्शन कलियाचक क्षेत्र के एक कार्यालय के बाहर शुरू हुआ था, जहां लोगों ने अधिकारियों से मिलने की मांग की। अनुमति न मिलने पर भीड़ ने कार्यालय को घेर लिया और सड़कों को जाम कर दिया। इस दौरान कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। देर रात जब अधिकारियों को निकाला गया तो उनके वाहनों पर पथराव और हमले की भी खबरें सामने आईं। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और मुख्यमंत्री के बयानों से माहौल और बिगड़ा है। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत बताया है। अब सवाल यह है कि इस फैसले का पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा, देखा जाये तो यह घटना और अदालत की सख्त टिप्पणी राज्य सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है। चुनावी माहौल में कानून व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा बन सकता है, जिसका विपक्ष पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। देखा जाये तो सर्वोच्च न्यायालय की यह सख्ती एक संदेश भी है कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा या डराने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि

## संपादक की कलम से

# दायित्व बोध से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण



ललित शर्मा
संपादक

प्रख्यात चिंतक वाल्टेयर ने कहा था जितने अधिक अधिकार, उतनी अधिक जिम्मेदारी। यह कथन आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक प्रतीत होता है। स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह संयम और जिम्मेदारी से संचालित हो अन्यथा वह स्वच्छंदता बनकर अराजकता को जन्म देती है। मानव सभ्यता के विकास की समूची यात्रा यदि किसी सूक्ष्म सूत्र में पिरोई जा सकती है, तो वह है,अधिकार और उत्तरदायित्व का संतुलन। यह संतुलन ही वह धुरी है, जिस पर व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की संरचना और आधारशिला टिकती है। प्रख्यात चिंतक वाल्टेयर का यह कथन जितने अधिक अधिकार, उतनी अधिक जिम्मेदारी,केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन का शाश्वत सिद्धांत है। आज जब आधुनिकता के प्रवाह में मनुष्य अधिकारों की नई–नई परिभाषाएँ गढ़ रहा है, तब यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या हम अपने उत्तरदायित्वों के प्रति उतने ही सजग हैं जितने अपने अधिकारों के प्रति? स्वतंत्रता का अर्थ केवल बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि वह एक अनुशासित चेतना का नाम है। जब स्वतंत्रता संयम और उत्तरदायित्व से संचालित होती है, तभी वह समाज में समरसता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है ; अन्यथा वही स्वतंत्रता स्वच्छंदता बनकर अराजकता को जन्म देती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने भी स्पष्ट कहा था कि कर्तव्यों के हिमालय से अधिकारों की गंगा बहती है, यह कथन इस मूल को इंगित करता है कि अधिकारों की प्राप्ति का मूल स्रोत हमारे कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन ही है। भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला भारतीय संविधान में निहित है, जिसने नागरिकों को व्यापक मूल अधिकार प्रदान किए। यह व्यवस्था उन ऐतिहासिक विषमताओं को दूर करने के लिए थी, जिनसे समाज का एक बड़ा वर्ग पीड़ित रहा था। परंतु इसी संविधान ने मौलिक कर्तव्यों का भी उल्लेख किया, ताकि अधिकारों का उपयोग संतुलित, मर्यादित और राष्ट्रहितकारी बना रहे। यह द्वंद्व नहीं, बल्कि द्वैत में एकता का अद्भुत उदाहरण है। हाल के वर्षों में माननीय सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देना नागरिक स्वतंत्रता की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध हुआ। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि इस अधिकार के साथ यह दायित्व भी जुड़ता है कि हम अपनी स्वतंत्रता का उपयोग इस प्रकार करें कि वह दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण न करे। अधिकारों की सीमा वहीं समाप्त हो जाती है, जहाँ दूसरे के अधिकारों का क्षेत्र आरंभ होता है। आधुनिक युग में जागरूकता का विस्तार हुआ है, किंतु नैतिक अनुशासन और कर्तव्य–बोध अपेक्षित गति से विकसित नहीं हो पाए हैं। परिणामस्वरूप समाज में एक विचित्र असंतुलन दिखाई देता है।अधिकारों की माँग प्रबल है, किंतु उत्तरदायित्व के निर्वहन में शिथिलता स्पष्ट है। यही असंतुलन लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। संविधान के निमार्ता डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी ने चेताया था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे, तो वह भी असफल हो जाएगा। यह कथन इस बात की पुष्टि करता है कि किसी भी व्यवस्था की सफलता उसके नागरिकों के चरित्र और जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों को इस विश्वास के साथ चुनती है कि वे लोककल्याण की भावना से शासन करेंगे। किंतु जब जनप्रतिनिधि अधिकारों के मद में अपने उत्तरदायित्वों को विस्मृत कर देते हैं, तब शासन व्यवस्था में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही और निरंकुशता का प्रवेश हो जाता है।

# उत्तराखंड में हरीश रावत के बिना बेमायने है कांग्रेस!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

उत्तराखंड के सर्वाधिक लोकप्रिय कांग्रेस नेता हरीश रावत एक मात्र ऐसे नेता है जो अपने कार्यकताओं के बीच सदैव सक्रिय रहते है।उनके बिना कांग्रेस बेमायने ही कही जाएगी।आजकल कांग्रेस प्रभारी शैलजा से अप्रत्यक्ष नाराजगी के चलते हरीश रावत ने अर्जित अवकाश की राजनीति शुरू की है।जिसे लेकर कांग्रेस के आला अधिकारी से लेकर कांग्रेस समर्थक भी असमंजस में है।



अपनी बढ़ती उम्र में भी बेहद सक्रिय कांग्रेस के शीर्ष नेता हरीश रावत के पास वर्तमान में कोई ठोस दायित्व नही है,फिर भी वे राज्य के सर्वाधिक सक्रिय नेता कहे जा सकते है।ऐसे में उनकी अनदेखी करके कांग्रेस कोई भी चुनाव फिलहाल नही लड़ सकती और यदि ऐसा हुआ तो फिर से कांग्रेस की लुटिया डूबने में देर नही लगेगी।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा भी है कि वे पार्टी के लिए बूथ अध्यक्ष तक बनने को तैयार है। कांग्रेस ही नही अन्य राजनीतिक दलों को भी उत्तराखंड के इस सर्वमान्य नेता का सम्मान करना चाहिए।पिछले दिनों हरीश रावत का यह कहना भी गलत नही है कि कांग्रेस में कुछ लोग 'जहरीले' हैं,ऐसे लोग बीजेपी में भी हैं। हरीश रावत ने हाल ही में कांग्रेस से कहा कि,'मैं बूढ़ा आदमी हूं, मेरा काम है खांसते रहना ताकि कोई गलत आदमी पार्टी में न घुस पाए।'उन्होंने पार्टी के साथ दगा करने वाले एक नेता कि ओर इशारा कर कहा कि, 'आपके पास जो भी जहर है, वो मेरे ऊपर डाल दो, मैं उसे पी जाऊंगा,आप बस एक-दूसरे की तारीफ करो, एक-दूसरे को प्रोत्साहित करो और आगे बढ़ो।'

वास्तव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के सामने कांग्रेस की मौजूद चुनौती को साफ दिखती है, गुटों में बंटी कांग्रेस इकाई का नेतृत्व करना, वह भी 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले बेहद कठिन कहा जा सकता है।वह भी तब जब कांग्रेस पार्टी सन 2017 और सन 2022 के दो विधानसभा चुनाव हार चुकी हो, साथ ही राज्य की लगातार तीन लोकसभा चुनावों में भी एक भी सीट कांग्रेस नहीं जीत पाई है,जो पार्टी की कमजोर हालत को प्रमाणित करता है।दो बार के विधायक गणेश गोदियाल, जिन्हें कभी हरीश रावत का करीबी माना जाता था,का पुनः पदारूढ़ होने से उम्मीद है कि वे हरीश रावत को अपने से भी आगे करके चलेंगे। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके है, लेकिन उनके चुनाव हारने के बाद उनकी जगह करन माहरा को दे दी गई,परन्तु कांग्रेस कोई चमत्कार नही कर पाई।

हरीश रावत ने स्वयं को पीछे करते हुए सार्वजनिक रूप से सुझाव दिया था कि अगला विधानसभा चुनाव कांग्रेस को प्रीतम सिंह (जो पांच बार के विधायक हैं) के नेतृत्व में लड़ना चाहिए। उनका यह बयान पार्टी में एकता का पहला कदम कहा जा सकता है।जब कांग्रेस उत्तराखंड में सत्ता में थी, तब भी हरीश रावत लगातार संघर्षों में फंसे रहे, पहले एन.डी. तिवारी को उनका हक दे दिया गया,जिससे टकराव की स्तिथि बनी रही और बाद में मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा को बनाकर फिर से हरीश रावत को किनारे करने की कोशिश की गई। लेकिन प्राकृतिक आपदा में विजय बहुगुणा के फेल हो जाने के कारण उनकी जगह सन 2014 में हरीश रावत को मुख्यमंत्री पद पर रिप्लेस किया गया।यह बदलाव उस समय आया जब विजय बहुगुणा पर जून 2013 की केदारनाथ आपदा से निपटने को लेकर भारी आलोचना हो रही थी क्योंकि आपदा के समय विजय उत्तराखंड के बजाए दिल्ली में डेरा डाले हुए थे। हाल ही में माहरा को सीडब्ल्यूसी और प्रीतम सिंह को सीईसी में शामिल किया जाना, कांग्रेस हाईकमान द्वारा राज्य में प्रतिस्पर्धी गुटों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, इसे हरीश रावत को उनकी नाखुशी के बावजूद केंद्रीय नेतृत्व से जोड़कर रखने की रणनीति भी माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल से अनुरोध किया है कि उन्हें किसी बूथ का इंचार्ज बनाया जाए,हरीश रावत का कहना है कि वे जमीनी स्तर पर जाकर पार्टी को मजबूत करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने उन दावों को खारिज किया है जिनमें कहा गया था कि उनकी ये बातें तंज या उन्हें किनारे किए जाने की नाराजगी दिखाती हैं।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर 19 नवंबर को हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर खुलकर अपनी मांग लिखी थी। उन्होंने कहा कि नई नियुक्तियों के बाद उन्हें लगा कि वे अब कहां काम करें,रावत के एक्स पोस्ट में लिखा था, 'अचानक मुझे लगा कि हरीश रावत, तुम इतने सालों से ऊपरी स्तर पर कुछ न कुछ करते रहे हो, क्यों न इस बार जमीनी स्तर पर काम किया जाए?' बस,उनकी इसी पोस्ट ने राज्य की राजनीति में चर्चा तेज कर दी और उनका बयान राजनीतिक सुर्खियां बन गया। उन्होंने एक्स पर एक अन्य पोस्ट के जरिए अपनी बात दोहराई और साफ कहा कि उनकी टिप्पणी को 'पावर मूव' यानी शक्ति प्रदर्शन के रूप में न देखा जाए,रावत ने लिखा,'पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया है, आज भी मेरे समर्थक इसे अपने तरीके से परिभाषित करते हैं और मेरे आलोचक अपने तरीके से।जब पार्टी एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है, तो क्या मेरा कर्तव्य नहीं कि मैं उसे जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए अपनी सेवाएं दूं।'कांग्रेस वर्किंग कमेटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य हरीश रावत ने ये भी जोर दिया कि आज भी, वे खुद, करण मेहरा और प्रीतम सिंह–तीनों पार्टी के केंद्रीय स्तर पर ऊंचे पदों पर हैं, जहां करन माहरा सीडब्ल्यूसी में विशेष आमंत्रित सदस्य बने हैं, वहीं प्रीतम सिंह कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं।हरीश रावत ने, अपनी एक्स पोस्ट में हरक सिंह रावत को पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति का प्रमुख बनाए जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की है,जो उनकी धैर्यता का प्रमाण है,क्योंकि हरक सिंह रावत ने ही हरीश रावत सरकार गिराने के लिए भाजपा से हाथ मिलाकर कांग्रेस को उस समय धोखा दिया था।फिर भी हरीश रावत उन्हें बर्दाश्त कर रहे है यह कोई कम बात नही है।सन 2016 में, उस समय के मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरक सिंह रावत पर आरोप लगाया था कि उन्होंने दलबदल करवा कर उनकी सरकार गिराने की कोशिश की है, इसके बाद ही हरक सिंह रावत बीजेपी में शामिल हो गए थे और जनवरी 2022 तक वहीं रहे, जब भाजपा ने उन्हें बाहर कर दिया,तब वे फिर कांग्रेस में आए। हालांकि अब हरक सिंह रावत पुष्कर सिंह धामी सरकार के खिलाफ खुले तौर पर बोलते रहे हैं।वे सीबीआई और ईडी के मामलों में कथित भ्रष्टाचार के आरोपी भी हैं।उनका हरीश रावत पर परोक्ष रूप से तंज कसना कि कांग्रेस को पुराने व बेअसर नेताओं पर निर्भर रहना बंद करना चाहिए,उनकी हरीश रावत के प्रति दूरी को दशार्ता है।यदि कांग्रेस को सन 2027 में आना है तो उसे पार्टी के प्रति वफादारों को तवज्जो देनी होगी,साथ ही आया राम गया राम की जगह अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओ पर भरोसा जताना होगा।

# लव मर्जर एक अडवांस प्रेम कथा



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**
लेखक

सन 2050 की उस सुनहरी और हाई-टेक सुबह में मोहल्ले के ऑक्सीजन-पार्क की आबोहवा ही कुछ और थी, जहाँ कंधे पर सिलेंडर लादे दो बुजुर्ग अपनी विंटेज यादों की फाइलें खोलकर बैठे थे। वे चर्चा कर रहे थे कि उनके जमाने में प्रेमी-प्रेमिका के घर के बाहर फिजिकल अटेंडेंस देते थे और पत्थर फेंककर खिड़कियाँ तोड़ने जैसे मैनुअल टास्क किया करते थे, पर आज का युग तो पूरी तरह रिमोट रोमांस और क्लाउड-बेस्ड अटैचमेंट का है। इसी बीच एलेक्स-पॉल अपने स्मार्ट ग्लास पर डेटा चेक करते हुए गहरी आहें भर रहा था, जिसे देखकर उसके मित्र साइबर-सिल्वेस्टर ने पूछा, क्या हुआ भाई? क्या तुम्हारी प्रेमिका किसी और के साथ लॉग-आउट कर गई या फिर तुम्हारा इमोशनल क्लाउड क्रैश हो गया? एलेक्स ने एक ऐसी दार्शनिक मुस्कान बिखेरी जिसे देखकर लगता था कि उसने अभी-अभी कोई बहुत बड़ा आध्यात्मिक घाटा सहा है। उसने कहा, नहीं यार, ट्रैजेडी तो यह है कि वह वापस आ गई! मैं अपनी पार्टनर जारा-क्वांटम को तीन महीने के फ्री ट्रायल पर पड़ोसी के पास भेजकर आया था ताकि वह अपनी एक्सप्लोरेशन स्किल्स को अपग्रेड कर सके, पर वह तो कह रही है कि उसे मेरा ही सब्सक्रिप्शन रिन्यू कराना है। यह तो सरासर पिछड़ापन और बौद्धिक दिवालियापन है! उसे प्रोग्रेसिव होकर मल्टी-टास्किंग करनी चाहिए थी, किसी अजनबी के साथ अपने प्राइवेट मोमेंट्स की एचडी रील बनानी चाहिए थी, पर वह तो वापस आकर मेरे लिए चाय बनाने और लॉयल्टी निभाने जैसी दकियानूसी और सड़ी-गली बातें कर रही है। मैं तो सोच रहा हूँ कि इसकी शिकायत इमोशनल कंज्यूमर कोर्ट में कर दूँ।

साइबर-सिल्वेस्टर ने उसे ढांढस बँधाया कि घबराओ मत, समाज अभी ट्रांजिशन फेज में है, धीरे-धीरे वह भी दूसरों के साथ ओपन-सोर्स होना सीख जाएगी। असल में एलेक्स का दुःख केवल एकतरफा नहीं था; वह इस बात से भी आहत था कि जारा उसे किसी इंटरनेशनल मार्केट में लॉन्च करने के बजाय घर में ही डंप किए हुए थी। एलेक्स चाहता था कि जारा उसे किसी हाई-प्रोफाइल मेटावर्स किटी पार्टी में ऑफर करे, ताकि उसे भी अपनी मार्केटिंग वैल्यू और ग्लोबल डिमांड का अंदाजा हो सके। उसे चिढ़ इस बात की थी कि जब पूरी दुनिया शेयरिंग इकोनॉमी के सिद्धांतों पर चल रही है, तो जारा उसे अपना प्राइवेट असेट और घरेलू सामान क्यों समझ रही है? वह तो उस आधुनिक पुरुषार्थ का स्वप्न देख रहा था जिसमें जारा उसे किसी दूसरी महिला के साथ डेट पर भेजकर खुद बाहर से कमरा लॉक करे और उस पूरे डेटा को क्लाउड पर लाइव स्ट्रीम करके प्रोग्रेसिव पार्टनर का सर्वोच्च गोल्ड मेडल जीते। इधर शहर के स्यूडो-इंटेलेक्चुअल बुद्धिजीवी एक फाइव स्टार कन्वेंशन सेंटर में सेमिनार कर रहे थे कि पुराने जमाने के प्रेमी कितने अकुशल और अनप्रोफेशनल थे जो ईर्ष्या और पजेसिवनेस के चक्कर में हिंसक हो जाते थे। मंच पर खड़ा रिलेशनशिप एल्गोरिदम स्पेशलिस्ट चिल्ला रहा था, साथियों, असली पुरुषार्थ उसे अपनी बाहों में जकड़ने में नहीं, बल्कि उसे दूसरे की बाहों में जाते हुए लाइव स्ट्रीम करने और उस पर सोशल मीडिया लाइक्स बटोरने में है! जो प्रेमी अपनी प्रेमिका का दूसरा प्रेमी खुद शॉर्टलिस्ट नहीं करता, वह प्रेमी नहीं, लव-टेररिस्ट है। एलेक्स ने अब जारा-क्वांटम को आखिरी अल्टीमेटम दे दिया–जारा, अगर तुम अगले हफ्ते तक किसी अजनबी के साथ इंटीमेट-डेट पर नहीं गई और मुझे उसकी बिहाइंड द सीन्स फोटोज और सेंसरी डेटा नहीं भेजा, तो मैं तुम्हें अपनी लाइफ की फ्रेंड-लिस्ट से हमेशा के लिए ब्लॉक कर दूँगा। बेचारा एलेक्स चाहता था कि उसकी प्रेमिका समाज की मेनस्ट्रीम प्रोग्रेसिविटी में आए और किसी अजनबी के साथ अपने एकांत के पलों को सोशल मीडिया पर लाइव करे ताकि उसे मोस्ट इवॉल्व्ड मेल का टैग मिले। 2050 का यह नया रिलेशनशिप मॉडल उन सभी पुरानी क्रिमिनल एक्टिविटीज का एक परमानेंट और सस्टेनेबल समाधान बनकर उभरा था। अब पजेसिवनेस एक गंभीर मानसिक बीमारी घोषित हो चुकी थी और शेयरिंग को ही सर्वोच्च वर्चुअल वर्चू माना जाता था। एलेक्स जैसे न्यू-एज लवर्स का मानना था कि हत्या करना वेस्ट ऑफ रिसोर्स और डाटा-लॉस है, जबकि प्रेमिका को शेयर करना एक दीर्घकालिक सोशल इन्वेस्टमेंट है। प्रेमिका भी अब किसी दूसरे के साथ अपने आत्मीय पलों को प्रेमी के साथ रियल-टाइम में साझा करती है, जिससे प्रेमी को घर बैठे ही वॉयुरिस्टिक किक मिलती है और उसे क्राइम पेट्रोल का हिस्सा नहीं बनना पड़ता। यह डिजिटल सतीत्व का वह महान दौर है जहाँ धोखा शब्द डिक्शनरी से पूरी तरह डिलीट कर दिया गया है और उसकी जगह को-ऑपरेटिव रोमांस ने ले ली है, जहाँ हर कोई एक ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर की तरह डाउनलोड और अपलोड के लिए उपलब्ध है। एलेक्स का दिमाग इस कदर ग्लोबल हो चुका था कि उसने खुद के लिए भी नए रास्ते तलाशने शुरू कर दिए थे। उसने हॉट-स्वैप डेटिंग ऐप के अल्ट्रा-प्रो-मैक्स वर्जन पर अपनी प्रोफाइल बनाई। एलेक्स ने अपनी शक्ल पर इतने साइबर-फिल्टर्स, एआई-मास्क और एल्गोरिथम-स्किन थोप दिए थे कि अगर उसका अपना आधार कार्ड या डीएनए रिपोर्ट उसे देखती, तो वह भी उसे किसी दूसरे ग्रह का पर्यटक समझकर डॉलर मांगने लगती। वह खुद के डिजिटल मेकअप के नीचे असली पहचान भूल चुका था। उसी रात उसे एक प्रोफाइल दिखी–नियो-नाइट-राइडर। उस प्रोफाइल का अवतार इतना जादुई, चमकीला और आकर्षक था कि एलेक्स के दिल की धड़कन गीगाबाइट की रफ़्तार से दौड़ने लगी। उसे लगा यही वह परफेक्ट अजनबी है जिसे वह जारा के लिए एक्वायर करना चाहता है ताकि उसकी सोशल स्टैंडिंग बढ़ सके। उसने उस अज्ञात प्रोफाइल को सुपर लाइक, मेगा लाइक और गॉड लाइक ठोक दिया। उसे रत्ती भर भी अंदाजा नहीं था कि वह जिसे अजनबी समझकर अपनी प्रेमिका का भविष्य और अपना स्वाभिमान सौंप रहा है, वह डिजिटल पर्दे के पीछे असल में कौन है। वह तो बस एक क्लाइंट और सर्वर के बीच का रिश्ता जोड़ने में मगन था, यह भूलकर कि एल्गोरिदम कभी-कभी खून के रिश्तों को भी बाइनरी कोड में बदल देते हैं और इंसान केवल एक यूजर आईडी बनकर रह जाता है।

आखिरकार जारा-क्वांटम एक नया बॉयफ्रेंड ढूंढने के मिशन में सफल हो गई और उसने उसे सफलतापूर्वक एक्वायर कर लिया। एलेक्स खुशी के मारे अपने वर्चुअल रियलिटी सूट में नाचने लगा और पूरे मोहल्ले में डिजिटल-शुगर-फ्री-लड्डू के कूपन बांटने लगा। वह खुशी से चिल्लाया, आज मेरा विजन 2050 सफल हुआ, मेरी प्रेमिका आखिरकार किसी और की बाहों में लैंड कर गई है! अब मैं समाज में गर्व से सिर उठाकर कह सकूँगा कि मैं एक मॉडर्न और लिबरल पार्टनर हूँ। तभी जारा का वीडियो कॉल आया और वह चहकते हुए बोली, एलेक्स डार्लिंग, तुम्हारी ज़िद और हॉट-स्वैप वाली रिकमेंडेशन रंग लाई! मैंने अपना सेकंडरी पार्टनर ढूंढ लिया है और ताज्जुब की बात यह है कि तुमने खुद ही उसे पिछले संडे ऐप पर सुपर लाइक करके रिकमेंड किया था। तो चलो, अब अपने नए रिश्तेदार और मेरे नए प्रोजेक्ट से मिलो! जारा ने कैमरा घुमाया। एलेक्स की आँखें फटी की फटी रह गईं। सामने सोफे पर उसका अपना सगा छोटा भाई सोनू-साइबर बैठा था, जो एलेक्स का ही प्यूमा वाला टी-शर्ट पहनकर दांत चियान रहा था। एलेक्स हक्का-बक्का रह गया। उसने हकलाते हुए पूछा, सोनू? तू? पर मैंने तो नियो-नाइट-राइडर को लाइक किया था जिसकी फोटो में छह एब्स थे और चेहरा रोबोटिक सुपरमॉडल जैसा था! यह धोखाधड़ी है या मेरा चश्मा खराब हो गया है?

सोनू-साइबर खिलखिलाकर हँसा और बोला, बड़े भैया, 2050 में चेहरा और शरीर तो केवल डिस्प्ले एड हैं। आपने जिसे लाइक किया, वह मेरा हॉट-प्रोफाइल फिल्टर था जिसे मैंने डार्क वेब से खरीदा था। आपने खुद ही तो सिखाया था कि अपनी असली पहचान छुपाकर मल्टीपल पर्सनालिटी जीना ही असली प्रोग्रेसिविटी है। तो मैंने सोचा घर की लक्ष्मी बाहर क्यों जाए? आपकी सुपर लाइक मिली, तो मैंने इसे फैमिली-कोलेबोरेशन का दैवीय संकेत मान लिया। एलेक्स के पैरों तले जमीन खिसक जानी चाहिए थी, पर वह 2050 का इवॉल्व्ड पुरुष था। उसने एक पल के लिए अपना सिर खुजलाया और फिर जोर-जोर से हँसने लगा। उसने कहा, वाह! इसे कहते हैं मैक्सिमम आउटपुट और घर की संपत्ति का घर में ही संचलन! कम से कम अब मुझे उसे डेट पर ले जाने का पेट्रोल अलाउंस, वाई-फाई डेटा और भारी भरकम रेस्तरां बिल नहीं देना पड़ेगा। प्राइवेसी के नाम पर मैं खुद अपने ही कमरे की चाबी बाहर से लगाकर उसे पूरी हॉस्पिटैलिटी दे सकूँगा और इस इन-हाउस प्रोजेक्ट की निगरानी भी कर पाऊँगा। और सुनो सोनू, कल सुबह की स्मार्ट-कॉफी तुम ही बनाओगे क्योंकि अब तुम इस घर के इंटर्न प्रेमी हो और जारा तुम्हारी सुपरवाइजर है।

तभी जारा ने एक और बड़ा बम फोड़ा, 'एलेक्स डार्लिंग, बात यहीं खत्म नहीं होती। सोनू ने भी तुम्हारे लिए एक 'कस्टमाइज्ड रिटर्न गिफ्ट' तैयार किया है। उसने तुम्हारी प्रोफाइल को हमारी मोहल्ले वाली उस 'मैडम-मून' के साथ मैच करा दिया है, जिनके तीन तलाक, पांच रिन्यूअल और अनगिनत 'शॉर्ट-टर्म लीज' हो चुके हैं। वे कल रात तुम्हें अपना पुराना 'इमोशनल डाटा' और विंटेज साड़ियों का कलेक्शन दिखाने के लिए कैंडल-लाइट डिनर पर बुला रही हैं। सोनू का कहना है कि घर का कोई भी सदस्य खाली नहीं बैठना चाहिए, सबको अपनी 'शेयरिंग ड्यूटी' निभानी होगी तभी हम एक 'होलिस्टिक फैमिली' कहलाएंगे।' एलेक्स की आँखें खुशी से भर आईं। उसने कहा, 'गजब! अब घर के पुराने संस्कारों और नई प्रोग्रेसिविटी के बीच एक हाइब्रिड मॉडल तैयार होगा। 'मैडम-मून' के साथ मेरा डेट पर जाना समाज के लिए एक क्रांतिकारी संदेश होगा कि हम उम्र और अनुभव के बंधनों से मुक्त हो चुके हैं।' तभी एक रोबोटिक पुलिस एलेक्स के दरवाजे पर आई। पुलिस ने कहा, 'एलेक्स जी, आपके भाई सोनू और प्रेमिका जारा ने मिलकर आपको इस घर से 'लॉग-आउट' कर दिया है। उन्होंने आपकी प्रोफाइल को 'एग्रीमेंट' से डिलीट करके आपके कमरे को मेटावर्स पर किसी दूसरे 'विदेशी पार्टनर' को किराए पर दे दिया है। अब आप एक 'फ्रीलांस लवर' हैं, अपना नया 'सॉफ्टवेयर' और छत ढूंढें।'

एलेक्स ने फोन की तरफ देखा, एक लंबी साँस ली और मुस्कुराते हुए बोला, 'कोई बात नहीं! कम से कम अब मैं 'अनलिमिटेड' और 'अनबाउंड' हो गया हूँ! रिजेक्शन भी तो एक तरह का 'सिस्टम अपडेट' ही है।' तभी गेट के बाहर 'मैडम-मून' अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी लेकर हॉर्न बजा रही थीं, और एलेक्स उनकी पिछली सीट पर बैठने के लिए दौड़ पड़ा। 2050 की उस सुबह में, एलेक्स ने साबित कर दिया कि जब तक 'शेयरिंग' का डेटा पैकेट जारी है, तब तक संसाधन और भावनाएं कभी खत्म नहीं होते, चाहे वह कमरा हो या कलेजा। पड़ोसी बुजुर्ग ने यह देखा तो उसने अपना ऑक्सीजन मास्क उतारकर फेंक दिया, उसे लगा कि इस 'प्रोग्रेसिव' हवा से बेहतर तो मौत है। लेकिन एलेक्स हवा में हाथ हिलाते हुए 'मैडम-मून' के साथ ओझल हो गया। इस कहानी का अंत पाठक को हतप्रभ छोड़ जाता है क्योंकि यहाँ कोई हारा नहीं है, बस सब 'शेयर' हो गए हैं। एलेक्स लुटा है या वह सचमुच 'ग्लोबल' होकर मुक्त हो गया है, यह फैसला अब 2050 के एल्गोरिदम ही करेंगे।

## लौट कर आजा ....



**उदय किशोर साह**

कविता

कितना पावन था मेरा वो बचपन
किसी से ना होती थी कोई भी अनबन
हँसी खुशी से पुलकित था कोरा मन
लौट के आजा वो रूठा मेरा। बचपन


माँ की थी सर पे ममता की शीतल छाया
प्रेम से ओत पोत था वो समय की साया
फिजां में थी करूणा की हम पर माया
माँ की आँचल में सूकून की नींद पाया

खेल कूद में बीत गया दिन लड़कपन
अच्छा नहीं लगता है उम्र ये पचपन
ख्वाबों में पलता था सुनहरा वो गुलशन
नहीं था जीवन में तब कोई भी दुश्मन

रुठना गुस्से में और माँ के द्वारा मनवाना
दुलार पुचकार वात्सल्य का था वो जमाना
नहीं सुनना होता था जगत का कोई ताना
लौरी सुनकर माँ की गोद में सो। जाना

धन दौलत की ना थी कोई भी चिन्ता
शांति सुकुन चैन थी तब वहाँ पे जिन्दा
ईर्ष्या द्वेष वैमनस्याता की ना था फन्दा
गम व सूनापन था तब खुद ही शर्मिन्दा

# अधिकार बनाम हकीकत: क्या सच में मुफ्त हैं शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय?



**डॉ विजय गर्ग**
लेखक

समाज की प्रगति का सबसे सशक्त आधार उसके नागरिकों की शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक समान पहुँच है। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह केवल सुविधाएँ नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार माने जाते हैं। परंतु सवाल यह है कि क्या ये अधिकार वास्तव में हर व्यक्ति तक पहुँच रहे हैं, या फिर ये केवल नीतियों और भाषणों तक सीमित एक सपना बनकर रह गए हैं?

## शिक्षा: अधिकार से अवसर तक

शिक्षा को मानव विकास का प्रथम चरण माना जाता है। भारत में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (फ्ळए) के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। कागजों पर यह व्यवस्था सशक्त दिखाई देती है, लेकिन वास्तविकता में कई सरकारी स्कूलों में संसाधनों की कमी, शिक्षकों का अभाव और गुणवत्ता का सवाल आज भी बना हुआ है।

दूसरी ओर, निजी विद्यालयों की बढ़ती फीस गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। ऐसे में 'मुफ्त शिक्षा' का अधिकार केवल नाम मात्र का प्रतीत होता है।

## स्वास्थ्य: सुविधा या संघर्ष?

स्वास्थ्य सेवाएँ किसी भी राष्ट्र की प्राथमिक जिम्मेदारी होती हैं। भारत में आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाएँ गरीबों को मुफ्त इलाज का भरोसा देती हैं।

फिर भी, सरकारी अस्पतालों में लंबी कतारें, डॉक्टरों की कमी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव लोगों को निजी अस्पतालों की ओर धकेल देता है, जहाँ इलाज अत्यंत महंगा होता है।

इस प्रकार, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का सपना कई बार वास्तविकता से दूर नजर आता है।

## न्याय: समानता का आधार

न्याय व्यवस्था का उद्देश्य हर नागरिक को समान और निष्पक्ष न्याय देना है। भारत में गरीबों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) जैसी संस्थाएँ कार्य कर रही हैं।

इसके बावजूद, अदालतों में लंबित मामलों का बोझ, न्याय प्रक्रिया की जटिलता और समय की लंबी अवधि आम नागरिक के लिए न्याय को कठिन बना देती है।

'विलंबित न्याय, न्याय से वंचित करना है' – यह कहावत आज भी हमारे न्याय तंत्र की चुनौतियों को उजागर करती है।

## सपना और सच्चाई के बीच की दूरी

मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय का विचार एक आदर्श समाज की परिकल्पना करता है, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। परंतु वास्तविकता में इन सेवाओं की गुणवत्ता, पहुँच और प्रभावशीलता में कई बाधाएँ हैं।

नीतियाँ बनाना आसान है, लेकिन उन्हें जमीनी स्तर पर लागू करना सबसे बड़ी चुनौती है।

## समाधान की दिशा

इन अधिकारों को केवल सपना न रहने देने के लिए आवश्यक है कि–

सरकारी संस्थाओं में निवेश और सुधार किया जाए

पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए

तकनीक का उपयोग कर सेवाओं को अधिक सुलभ बनाया जाए

समाज में जागरूकता बढ़ाई जाए ताकि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग हों

## निष्कर्ष

मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय केवल एक सपना नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है। यह सरकार, समाज और नागरिकों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि इन अधिकारों को वास्तविकता में बदला जाए।

जब तक इन सेवाओं की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार नहीं होगा, तब तक यह सवाल बना रहेगा–क्या ये हक हैं या केवल एक अधूरा सपना?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## मध्यप्रदेश की तीनों वितरण कंपनियों में कंपनी कैडर लाईन परिचारकों की भी आयु अब 62 वर्ष होगी

राकेश डी पी पाठक

**इंदौर(वेलकम इंडिया)।** मध्यप्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों में कार्यरत लाईन परिचारकों की सेवानिवृत्त आयु अब 62 वर्ष सभी के समान कर दी गई है उक्ताशय की घोषणा मध्यप्रदेश शासन के माननीय ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह जी ने कर दी। पहले ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत बिजली कंपनियों में कर्मचारियों की सेवानिवृत्त आयु के अलग-अलग आदेश, नियम है। सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सेवानिवृत्त आयु 62 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं बिजली कंपनियों में कार्यरत कंपनी कैडर लाईन परिचारकों की सेवानिवृत्त आयु 55 वर्ष निर्धारित की गई है। जो कि न्यायोचित नहीं है। इस विसंगति के कारण कंपनी कैडर लाईन परिचारक 55 वर्ष की सेवा आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहें हैं। उपरोक्त संदर्भ में मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, सीएमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी और सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालकों से अनुरोध किया था। प्रदेश के लोकप्रिय ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह जी को इस सौगात के लिए मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

## हिंदी साहित्य का गौरव: गजलकार रामअवतार बैरवा को मानद डॉक्टरेट

### हिंदी के संवर्धन, उत्कृष्ट साहित्य साधना पर काशी हिन्दी विद्यापीठ ने किया अलंकृत

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** हिंदी साहित्य जगत के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण उस समय साकार हुआ,जब प्रख्यात गजलकार, समाजसेवी एवं आकाशवाणी, दिल्ली के सहायक निदेशक रामअवतार बैरवा को काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रभाषा हिंदी के संवर्धन, साहित्य सृजन और समाज सेवा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।



लखनऊ में आयोजित भव्य एवं गरिमामयी अलंकरण समारोह में बैरवा को यह प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की गई, जहां उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और साहित्यिक साधना की विशेष सराहना की गई। अपनी सादगी, सहजता और मधुर व्यवहार के लिए विख्यात रामअवतार बैरवा की शैक्षणिक यात्रा भी उतनी ही प्रेरणादायक है। 9 विषयों में स्नातकोत्तर, 3 विषयों में स्नातक, अनुवाद में डिप्लोमा तथा अनेक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पूर्ण कर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी एक मिसाल कायम की है। उनकी गजलें देशभर के प्रतिष्ठित मंचों और साहित्यिक महफिलों में श्रोताओं के हृदय को स्पर्श करती रही हैं।

सम्मान प्राप्ति पर भावुक होते हुए बैरवा ने कहा कि यह उपाधि उनके लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि हिंदी साहित्य और समाज सेवा के प्रति और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रख्यात साहित्यकार एवं उद्योगपति डॉ. बी.एल. गौड़, हरीश नवल, डॉ. सविता चड्ढा, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, लेखक एवं पत्रकार-विचारक डॉ. शंभु पंवार, गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा, रामकिशोर उपाध्याय,डॉ.पुष्पा जोशी,प्रणीत कुमार,वीणा अग्रवाल,डॉ.उपासना दीक्षित सहित देशभर के अनेक साहित्यकारों एवं संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। यह सम्मान न केवल एक साहित्यकार की उपलब्धि है, बल्कि हिंदी भाषा, संस्कृति और सृजनशीलता के सम्मान का प्रतीक भी है।

## विदाई समारोह में शिक्षक मनवीर जी को मिला सम्मान, पं० गोपाल शर्मा ने दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़(यूपी)।** विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश (भारत) के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा स्वर्ग आश्रम रोड स्थित प्रभा विहार, हापुड़ में आयोजित शिक्षक मनवीर जी के विदाई समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का माहौल भावुक और सम्मानपूर्ण रहा।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने शिक्षक मनवीर जी को गणपति जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मनवीर जी का शैक्षिक योगदान सदैव प्रेरणादायक रहेगा।



कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शिक्षक, गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने मनवीर जी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**नीलोखेड़ी/करनाल।** गुरु ब्रह्मानंद राजकीय बहुतकनीकी संस्थान नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रधानाचार्य ज्वाला प्रसाद की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को नशे के विरुद्ध विस्तारपूर्वक जागरूक करते हुए बताया कि प्रतिबंधित नशों के लिए भारत में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट लागू है।

उन्होंने नशे के प्रकार, किस प्रकार समाज में बच्चों के बीच पहुंचता है तथा किस प्रकार नशा समाज को प्रभावित करता है बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने कहा कि DRUGS का अभिप्राय DEAD में समाहित है जिसका अर्थ है- DRUG END ALL DREAMS. उन्होंने बताया कि नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों के लिए सरकारी अस्पताल सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यदि कोई सूचना देना चाहता है तो वह 1933 पर दे सकता है। कार्यक्रम के समापन पर एक शपथ ग्रहण करवाई गयी।

## गपत के चमत्कारी हनुमान मंदिर में मनाया गया हनुमान जी का जन्मोत्सव

विवेक जैन

**बागपत(वेलकम इंडिया)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बागपत के गौरीपुर जवाहरनगर स्थित चमत्कारी संकटमोचन श्री हनुमान मन्दिर एवं सिद्ध आश्रम में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव में उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आयी जानी मानी हस्तियों ने शिरकत की और हनुमान जी की पूजा अर्चना की। आश्रम के संचालक श्री धर्मवीर भगत जी के पावन सानिध्य में मन्दिर में 24 घंटे से चल रहे रामायण के अखण्ड़ पाठ, मूलमंत्र माला के अखण्ड़ जाप व हनुमान चालीसा के अखण्ड़ पाठ के पूर्ण होने पर यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी भक्तों ने पूर्णाहूति दी। विभिन्न भगवानों की आरती के उपरान्त भक्तों ने हनुमान जी के दरबार में बढ़–चढ़कर अरदास लगायी और अपने परिवार और देश की खुशहाली, सुख, समृद्धि व उन्नति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरान्त आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं, पुरूषों और बच्चो ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी सेवा प्रदान की। सुबह से शाम तक चले इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखण्ड़ रामायण पाठ व पूजा करने वाले सभी सहयोगियों को आश्रम की और से वस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित किया गया और दक्षिणा प्रदान की गई। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि हनुमान जी का यह धाम बहुत ही चमत्कारी है। इस पवित्र धाम पर उनकी कई प्रकार की समस्याओं का हनुमान जी के आशीर्वाद से समाधान हुआ है। बताया कि इस मन्दिर में असाध्य रोग तक हनुमान जी की कृपा दृष्टि से सही हो जाते है, जिसके कई प्रमाण मौजूद है। श्रद्धालुओं ने आश्रम द्वारा बाहर से आये भक्तों के लिए निशुल्क रहने, खाने–पीने आदि की व्यवस्था और अच्छे आतिथ्य के लिए आश्रम के संचालक का आभार व्यक्त किया। आश्रम के संचालक श्री धर्मवीर भगत जी ने हनुमान जन्मोत्सव में आने वाले सभी हनुमान भक्तों और सेवा कार्य करने वाले सेवादारों का आभार व्यक्त किया। हनुमान जन्मोत्सव में सेवादार रणवीर सिंह, पंडित पुरुषोत्तम शर्मा, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, अर्जुन, आनंद सिंह हरियाणा, तेजपाल सिंह ठेकेदार, डॉक्टर मदन, डॉक्टर गजेंद्र शर्मा, आनंदपाल चेयरमैन, जगबीर हरियाणा, चंद्रपाल ठेकेदार, बबलू उर्फ आकाश, बिट्टू पानीपत, रमेश गोयल पानीपत, ओम प्रकाश ठेकेदार बड़ौत, प्रवीण तोमर सिरसली, लाला सिंह पंजाब, कुलदीप अहैड़ा, एमपी सिंह प्रिंसिपल बिजनौर, बाबूराम बिजनौर, डॉक्टर संजीव आर्य, तारा सिंह सेक्रेटरी पंजाब, रमेश ठेकेदार, मनोज अहैड़ा सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

## किसानों की समस्याओं के समाधान को भाकियू (टिकैत) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**टाण्डा।** स्थानीय निरीक्षण भवन में भाकियू (टिकैत) की पंचायत हुई। बैठक के बाद जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह के नेतृत्व में किसान नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में मांग की गई कि बेमौसम बरसात से गेहूं फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए।



टाण्डा तहसील को अपेक्षित गेहूं खरीद केंद्र नहीं दिए गए। ग्राम मांझा फॉर्म, चौखंडी, सूरजपुर व इमरता फॉर्म क्षेत्र में अतिरिक्त केंद्र खोला जाए।खीरा, लौकी, तोरई, हरी मिर्च, प्याज व आलू की सब्जी लदे वाहनों को नो एंट्री क्षेत्र में आने-जाने की छूट दी जाए, कोई टैक्स न लिया जाए।

स्वच्छ पेयजल योजना के तहत निर्मित ओवरहेड टैंक से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।सड़कें खोदकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, तुरंत मरम्मत कराई जाए। ग्राम बादली-खुशहालपुर मार्ग जर्जर है, शीघ्र सुधारा जाए।दढ़ियाल में नो एंट्री के दौरान खनन वाहनों को सड़क किनारे आड़ा-तिरछा खड़ा करने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वाहन चालकों पर रोक लगाई जाए।

टाण्डा मुख्य मार्ग से जामा मस्जिद और मियां वाली मस्जिद जाने वाले दोनों रास्तों पर अतिक्रमण हटाया जाए, जिससे रोगी वाहनों को भारी परेशानी हो रही है।

इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष जगजीत सिंह गिल, वीरेंद्र सिंह यादव जिला प्रमुख प्रवक्ता, महासचिव होरी लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्यारा सिंह, टाण्डा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, जिला सचिव साबिर अली, ज़िला उपाध्यक्ष बलजीत सिंह, जलीस उर्फ. भूरा खान, युवा ज़िला अध्यक्ष रंजीत सिंह, मोहम्मद जावेद, नगर सचिव मोहम्मद रफीक, उमर फारूक, नईम प्रधान, हैप्पी सिंह, बलवंत सिंह, लियाकत अली, निशान सिंह, पूरन सिंह चौहान, नाजिम सिद्दीकी, होरी लाल लोधी, रोहताश सैनी, आजम सैफी, हसीन खां, इंतिजार हुसैन आदि मौजूद रहे।

## कस्बा में भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू कस्बा में हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीराम सेना मण्डल के तत्वावधान में गाजे -बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथ में भगवा ध्वज धारण कर हनुमान भक्तों ने जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया। पहासू के शिव मन्दिर से निकली शोभायात्रा का शुभारंभ समाजसेवी मधु सिंह चौहान ने फीता काट कर किया। दर्जनों बग्घियों शिव,पार्वती, हनुमान के सजीव स्वरूपों के अलावा राम, लक्ष्मण,सीता, हनुमान की झांकी सभी का मन मोह रही थी हनुमान भक्तों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। बेंड बाजों की धार्मिक धुनों पर युवा नृत्य कर रहे थे। महिलाओं



व पुरुषों ने अनेक जगह पर हनुमान की आरती उतारी। वातावरण जय श्री राम के नारो से गुजांयमान हो रहा था। इस मौके पर नरेश शर्मा, प्रशान्त वशिष्ठ, कुलदीप सिंह, ध्रुव शर्मा,जतिन,मोहित सोनी, अतुल वर्मा रिंकू शर्मा संजय सिंह, पदम सिंह तोमर हनी राघव,कृष्णा ठाकुर रूद्र उदित राणा,प्रताप नागर उत्तम तौमर मुकेश गिरि,प्रवीन राघव गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सूर्य: व्यक्तित्व, आत्मबल और सफलता का मूल आधार -जानिए कैसे करें इसे मजबूत'- ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी के अनुसार, वैदिक ज्योतिष में सूर्य को व्यक्ति की आत्मा, पहचान और जीवन शक्ति का केंद्र माना गया है। यह न केवल व्यक्ति के आत्मविश्वास, इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है, बल्कि जीवन में उसके उद्देश्य और दिशा को भी निर्धारित करता है।

उन्होंने बताया कि जन्म कुंडली में सूर्य की स्थिति बेहद महत्वपूर्ण होती है। एक मजबूत सूर्य व्यक्ति को ऊर्जा, आत्मबल और सफलता प्रदान करता है, जबकि कमजोर सूर्य आत्म-संदेह,



अस्थिरता और जीवन में दिशा की कमी का कारण बन सकता है। इसके अलावा सूर्य का संबंध पिता, अधिकार, स्वास्थ्य और धर्म से भी जुड़ा होता है, जो व्यक्ति के सामाजिक और व्यक्तिगत विकास पर गहरा प्रभाव डालता है।

ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने सूर्य को मजबूत करने के लिए कुछ प्रभावी उपाय भी बताए। उनके अनुसार, प्रतिदिन सुबह उगते सूर्य को जल अर्पित करना (अर्घ्य देना) अत्यंत लाभकारी होता है। इस दौरान 'ॐ सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करने से मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति में वृद्धि होती है। उन्होंने आगे कहा कि पिता या पिता समान व्यक्तियों का सम्मान करना, जीवन में अनुशासन और सत्य का पालन करना सूर्य को मजबूत बनाता है। रविवार के दिन लाल या केसरिया वस्त्र धारण करना, उपवास रखना तथा गेहूं, गुड़ और तांबे की वस्तुओं का दान करना भी शुभ फल प्रदान करता है। इसके साथ ही नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करना और प्रतिदिन कुछ समय धूप में बिताना शारीरिक स्वास्थ्य और आत्मिक ऊर्जा को बढ़ाने में सहायक होता है। अंत में उन्होंने कहा कि सूर्य यह दशार्ता है कि व्यक्ति को जीवन में कहाँ और कैसे चमकना है। यदि सही उपाय और सकारात्मक जीवनशैली अपनाई जाए, तो हर व्यक्ति अपनी वास्तविक क्षमता को पहचानकर सफलता की ऊँचाइयों तक पहुंच सकता है।

## हनुमान जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर बर्षो की भांति डीएपी इंन्टर कालिज के प्रबन्धक ने पंडित चमन शास्त्री द्वारा विधि विधान से हवन पूजा आरती कराई गई बालाजी मंदिर को फूलों व लाईट डेकोरेशन से भव्य रूप से सजाया गया व प्रसाद भन्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एड केशव देव शर्मा रोहित शर्मा योगेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य नरेश चन्द्र शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्री पीताम्बरा आश्रम में संवाद कार्यक्रम राष्ट्रीय चिन्तनपरक साहित्य सृजन पर जोर

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बांसवाड़ा।** राष्ट्रवादी साहित्य चिन्तक, राष्ट्रीय ख्याति के ओजस्वी कवि एवं गौ साहित्य सर्जक मुकेश मोलवा(इन्दौर) ने वर्तमान समय में राष्ट्रीय चिन्तन एवं भारतीय मूल्यों पर केन्द्रित लोक जागरणमूलक साहित्य सृजन पर सर्वाधिक जोर देते हुए कहा है कि भारतवर्ष नए युग में प्रवेश करने लगा है, ऐसे में साहित्य जगत से जुड़े लोगों की भूमिका अत्यधिक प्रासंगिक है।

मुकेश मोलवा ने यह बात गुरुवार शाम बांसवाड़ा के श्री पीताम्बरा आश्रम में प्राच्यविद्या शोध एवं साहित्य संस्थान की ओर से आयोजित संवाद में कही। उन्होंने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के व्यापक प्रयासों को तेज करने का आह्वान करते हुए साहित्यकारों को गौ महिमा पर आधारित साहित्य सृजन की दिशा में आगे आने के लिए कहा।

इस अवसर पर मोलवा ने अपनी पुस्तक 'धेनु ही धर्म' में गौ की दिव्य और दैवीय महिमा पर आधारित कविता सुनाते हुए गौ आराधना मंत्र एवं स्तोत्र का गायन किया।

संवाद में जीजीटीयू के कुलगीत रचयिता एवं जाने-माने प्रयोगधर्मा कवि हरीश आचार्य, राष्ट्रीय मंच संचालक





विपुल 'विद्रोही' (धम्बोला-डूंगरपुर), वागड़ी गीतकार महेश देव (नन्दौड़), उजास परिवार के संयोजक भंवर गर्ग 'मधुकर' एवं साहित्यकार राम पंचाल 'भारतीय', गायत्री मण्डल के कोषाध्यक्ष अनन्त जोशी, शिक्षाविद् पं. मनोहर एच. जोशी आदि ने विचार व्यक्त किए।

### साहित्यकारों का अभिनन्दन

इस अवसर पर गायत्री मण्डल के कोषाध्यक्ष पं. अनन्त जोशी एवं कार्यकर्ता पं. मनोहर एच. जोशी ने सभी साहित्यकारों का उपरणा पहना कर अभिनन्दन किया।

### आश्रम परिसर पर ग्रंथालय का अवलोकन

साहित्यकारों के दल ने श्री पीताम्बरा आश्रम के विभिन्न परिसरों का अवलोकन किया तथा पं. पन्नालाल जोशी प्राच्यविद्या साहित्य ग्रंथालय का अवलोकन किया और दुर्लभ ग्रंथों के संरक्षण तथा उपयोग के लिए गायत्री मण्डल की सराहना की।

## जहांगीराबाद में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, श्रद्धालुओं में दिखा अपार उत्साह



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को जगह-जगह भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों में भगवान हनुमान का भव्य श्रृंगार किया गया और भक्तों ने श्रद्धा भाव से बाबा को चोला चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

नगर के प्रमुख स्थलों–किले वाले मंदिर, चाँदोक दोराहे स्थित हनुमान मंदिर तथा पुख्ता बाजार स्थित छतरी वाले कूएँ पर हवन-यज्ञ आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सायंकाल के समय छतरी वाले मंदिर पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा बहती रही। मंदिर परिसर को आकर्षक एवं मनमोहक ढंग से सजाया गया था, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और सेवा भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान की उपासना से जीवन में साहस, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हनुमान जी के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रमों के सफल आयोजन में नागेश प्रताप सिंह, राजू सिंघल, पंकज चौकड़ात, बबलू, बलवीर सर्राफ, अनिल ढलना वाले, अमित गुप्ता, सोनू गुप्ता (हरि स्वीट्स), हरीश गुप्ता, राकेश सहित अनेक गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## दिल्ली में आयोजित रूहानी उत्सव ने दिया एकता प्रेम का संदेश

एहसान अंसारी

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली में आयोजित रूहानी उत्सव' ने दिया एकता, प्रेम और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दिल्ली में आयोजित भव्य एवं प्रेरणादायक 'रूहानी उत्सव' कार्यक्रम अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गाज़ियाबाद के अतिरिक्त आयुक्त (Additional Commissioner) श्री केशव चौधरी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया।

कार्यक्रम के दौरान श्री केशव चौधरी जी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे को सशक्त करने का कार्य करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को देश की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ह्लरूहानी उत्सवह्व जैसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



श्री चौधरी जी का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी है। उनके प्रशासनिक कार्यों में दक्षता, जनहित के प्रति समर्पण तथा समाज के प्रति संवेदनशीलता उन्हें एक उत्कृष्ट अधिकारी के रूप में स्थापित करती है। उनके विचारों में गहराई और कार्यों में पारदर्शिता स्पष्ट रूप से झलकती है, जो आमजन के बीच विश्वास और सम्मान का आधार बनती है।

कार्यक्रम के संयोजकों द्वारा श्री केशव चौधरी जी को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों एवं समाज के प्रति उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके कार्यों की सराहना है, बल्कि समाज के लिए उनके निरंतर प्रयासों का भी प्रतीक है।

ह्लरूहानी उत्सवह्व का आयोजन सांस्कृतिक विविधता, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों ने इसकी भव्यता और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना की।

इस अवसर पर मंच की गरिमा, सुसज्जित वातावरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को एक यादगार एवं प्रेरणादायक अनुभव बना दिया। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से समाज में एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश फैलाने में सफल रहा।

# 45 दिवसीय खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान शुरू,

## मुख्य विकास अधिकारी ने टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता



**बागेश्वर(वेलकम इंडिया)।** जनपद में पशुओं को घातक खुरपका-मुंहपका रोग से सुरक्षित करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा आज से व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया है। विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर 45 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जनपद में 80,000 गाय-भैंसों एवं 95,000 भेड़-बकरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पशुओं का टीकाकरण निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा नगरपालिका, जिला पंचायत एवं दुग्ध विकास विभाग का सहयोग लेने के निर्देश भी दिए। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. के.के. जोशी ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु 68 टीमों का गठन किया गया है, जो पशुपालकों के द्वार पर पहुंचकर टीकाकरण करेंगी। इनमें बागेश्वर विकासखंड के लिए 30 टीमें, गरुड़ के लिए 13 तथा कपकोट के लिए 25 टीमें तैनात की गई हैं। 16 मई तक चलने वाले इस चरण में गाय-भैंसों के लिए यह आठवां तथा भेड़-बकरियों के लिए चौथा टीकाकरण चरण होगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण से पूर्व प्री-वैक्सीनेशन सैंपल लिए जा चुके हैं तथा अभियान के उपरांत पोस्ट-वैक्सीनेशन सैंपल भी लिए जाएंगे, जिससे वैक्सीन की प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके। डॉ. जोशी ने कहा कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जो पशुओं की कार्यक्षमता एवं दुग्ध उत्पादन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को इस रोग से सुरक्षित रखने हेतु विभागीय टीमों का पूर्ण सहयोग करें।

# रुदौली में दिनदहाड़े दोहरी लूट से मचा हड़कंप, एक घंटे में दो वारदातों ने बढ़ाई दहशत

फतेह खान




**रुदौली(वेलकम इंडिया)।** कस्बा रुदौली में दिनदहाड़े हुई दो अलग-अलग लूट की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। महज एक घंटे के भीतर लुटेरों ने दो स्थानों पर वारदात को अंजाम देकर पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।पहली घटना कोठी क्षेत्र में हुई, जहां नकाबपोश बदमाशों ने एक ज्वेलर्स को निशाना बनाते हुए तमंचे के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद लुटेरे मलिकजादा वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने एक सभासद के घर को निशाना बनाया। विरोध करने पर घर की बहू पर हमला भी किया गया और लाखों रुपये के जेवर लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों घटनाओं में एक महिला और एक पुरुष की संलिप्तता सामने आई है, जिन्होंने बड़ी ही सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। लगातार दो लूट की घटनाओं से कस्बे में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और बदमाशों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# शुगर मिल में हनुमान जयंती पर हुआ सुदरकाण्ड का पाठ



वेलकम इंडिया संवाददाता

**पहासू/बुलंदशहर।** त्रिवेणी ग्रुप की आसवनी यूनिट में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर फैक्ट्री में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। इससे पूर्व बजरंगबली को महा-प्रसाद अर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आसवनी के महा प्रबन्धक एस के कुलश्रेष्ठ ने संकट मोचक हनुमान को चोला पहनाकर किया। बाहर से आई मंडली ने सुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ किया। फैक्ट्री के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सभी के साथ मिलकर पूजा अर्चना की। बाद में सभी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र भारद्वाज आइजेयू के राष्ट्रीय सचिव पद पर हुए निर्वाचित, पत्रकारों में हर्ष

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन (आईजेयू) की विजयवाड़ा में आयोजित 3 दिवसीय 11वीं प्लेनरी बैठक में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के मथुरा इकाई जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज राष्ट्रीय सचिव के महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित हुए हैं जिससे प्रदेश व मथुरा जनपद के पत्रकारों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। शाहजहांपुर के वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र सिंह भी राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए हैं

आंध्रप्रदेश राज्य के विजयवाड़ा में आयोजित आइजेयू के 11वें प्लेनरी सत्र का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने किया जिसमें यूनियन से संबद्ध देश भर के 27 राज्यों के पत्रकारों ने भाग लिया। यूनियन के चुनाव अधिकारी वरिष्ठ पत्रकार एम ए मजीद ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए नई केंद्रीय कमेटी के निर्वाचित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी से अवगत कराया।

नरेन्द्र भारद्वाज के आइजेयू में राष्ट्रीय सचिव निर्वाचित होने पर स्थानीय पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कहा हमेशा पत्रकार हितों के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे हैं।

उन्होंने न केवल पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया, बल्कि संगठन को सशक्त बनाने और पत्रकारों को एकजुट रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पांडेय ने कहा कि मथुरा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज को आइजेयू का राष्ट्रीय सचिव व शाहजहांपुर से वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र सिंह को कार्यसमिति सदस्य चुने जाने से प्रदेश व मथुरा के पत्रकारों को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद जगी है।

इसे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। सम्मेलन में मथुरा से जिला महासचिव रमेश चंद, वरिष्ठ पत्रकार अजय शर्मा, मोहन मीना, बी एल पांडेय व आबिद ने भाग लिया।

# छात्र छात्राओं ने पहासू में रैली निकालकर शिक्षा के प्रति किया जागरूक

वेलकम इंडिया संवाददाता



**पहासू/बुलंदशहर।** गुरूवार को पहासू कस्बा के प्राथमिक विद्यालय 1 व 2 के छात्र छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर शिक्षा की अलख जगाई। रैली का शुभारंभ पहासू ब्लाक प्रमुख दिवा रानी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए पहासू की गलियों से गुजरे। सब पढ़े, सब बढ़े तथा हर बच्चा स्कूल जाए जैसे नारे लगाए गए।

खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सरकार बच्चों को निशुल्क शिक्षा, पुस्तकें छात्रवृत्ति तथा यूनिफार्म की सुविधा प्रदान कर रही है। इस अवसर पर वीडियो नरेंद्र शर्मा, राजकुमार कौशिक, अनिता चौहान, रामेश्वर दयाल, संजना भारद्वाज, पूनम शर्मा, प्रीति तोमर, अनुराग कुमार, रूपचंद आदि मौजूद रहे।

# गुजर घाटी, चौक बाजार स्थित हनुमानजी महाराज पर हुआ दिव्य फूल बंगले और छप्पन भोग का आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर घाटी वाले बाबा गूजर घाटी चौक बाजार पर श्री हनुमान जी महाराज का प्रातः 8:00 बजे 251 किलो दूध, 51 किलो दही, 51 किलो बूरा, 11 किलो घी, 11 किलो शहद, केसर , इत्र, गुलाब जल एवं गंगा एवं यमुना जल द्वारा पंचामृत अभिषेक विद्वान आचार्यो के मंत्र उच्चारण के साथ महंत बलदेव प्रसाद व्यास एवं चरण सेवक सोनू पंडित व मोनू पंडित ने किया। इस अभिषेक के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे। शाम को भगवान श्री राम दरबार, श्री हनुमंत लाल महाराज, एवं श्रीनाथजी के विग्रह को देसी विदेशी फूलों से कलाकारों द्वारा भव्य सजाया गया साथ ही विभिन्न सामग्री सहित विशाल छप्पन भोग ठाकुर जी को अर्पण किए गए। विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों एवं छप्पन भोग के मध्य विराजमान ठाकुर जी की बंगले की शोभा अदिति दर्शित हो रही थी। रात्रि 11:00 बजे तक भक्तों की दर्शन करने हेतु भीड़ लगी रही। कार्यक्रम के अंत में महंत बलदेव प्रसाद व्यास ने ठाकुर जी की भक्तों के साथ महा आरती की। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था में मुख्य रूप से महंत बलदेव प्रसाद व्यास, सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा, गोपाल, रजत, रितेश चतुर्वेदी, टिंकल वर्मा, जौनी गोला, आशीष वर्मा, भोला , अभिषेकचतुर्वेदी, कुश शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में महेंद्र लक्ष्मी नारायण शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# चित्रगुप्त पीठ पर कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुई ग्यारह दिवसीय शिवमहापुराण कथा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन धाम में हर दिन धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं। श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय भक्त भी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेते हे इसी क्रम में राधाकुंड- छठीकरा मार्ग स्थित जुलहेदी गांव में चित्रगुप्त पीठ पर बुधवार की सुबह पीठ के पीठाधीश्वर डॉ सच्चिदानंद महाराज के साथ महिला भक्तों ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाली। कलश शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला भक्त शामिल हुई। कलश शोभायात्रा लेकर महिलाएं कथा पंडाल में पहुंची। जागेश्वर धाम अल्मोड़ा उत्तराखण्ड से महामंडलेश्वर लाल बाबा जी महाराज द्वारा की जा रही शिवमहापुराण कथा सुनने के लिए काफी संख्या में पहुंचे भक्त गण पहुंचे। बताया गया कि यह शिवमहापुराण कथा चित्रगुप्त पीठ पर ग्यारह दिनों तक चलेगी।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली में धरना प्रदर्शन चार अप्रैल को

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/बलदेव।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना पूरी तरह अन्यायपूर्ण और अव्यवहारिक है। इसको लेकर देशभर के लाखों शिक्षक 4 अप्रैल को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में बलदेव विकास खंड से भी हजारों शिक्षक शिक्षिकाएं भाग लेने नई दिल्ली जा रहे हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक शिक्षक संघ की आयोजित बैठक में इसकी रणनीति तय की गई। ब्लॉक अध्यक्ष नन्द किशोर गुधैनिया कहा कि चार अप्रैल को प्रस्तावित दिल्ली में प्रदर्शन एतिहासिक होगा।जिसमें हजारों शिक्षक शिक्षिकाएं विकास खण्ड बलदेव से भाग लेने जायेंगे।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय ने शिक्षकों से आह्वान किया कि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, संरक्षक राज कुमार शर्मा, शैलेंद्र वार्ष्णेय, चंद्रभान सिंह ,लाल बहादुर शर्मा, शुशेंद्र मित्तल, रवेंद्र रावत, सौदान सिंह, पवन कुमार लक्ष्मण पांडे, दिबाकर गुधेनिया, गीता रावत, कल्याण सिंह, लोकेश शर्मा, सौरभ सारस्वत, सुरेश सिकरवार, मोहित पाठक, सोनू चतुवेर्दी, सुजीत वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मघेरा वाले हनुमान मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब, भव्यता के साथ मनाया गया जन्मोत्सव

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/चौमुहाँ।** छटीकरा-राधाकुंड मार्ग स्थित सुप्रसिद्ध मुघेरा वाले हनुमान जी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष अत्यंत दिव्य और अलौकिक रूप में मनाया गया। भक्ति और शक्ति के संगम के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने पवनपुत्र के चरणों में शीश नवाया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई थी, जो सूर्यास्त के बाद भी अनवरत जारी रही। इस बीच हनुमान जी का बहुत ही भव्य श्रृंगार किया गया। उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग बली का स्वर्ण वर्क, मेवे और ताजे फूलों से अद्भुत श्रृंगार किया गया। मंदिर को भव्य बिजली की लड़ियों और देसी-विदेशी फूलों से सजाया गया था। इस दौरान मंदिर प्रांगण में एक साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बैठकर सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। शंखध्वनि और घंटों की गूँज के बीच भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। पूरा क्षेत्र 'बजरंग बली की जय' के नारों से भक्तिमय हो गया। महंत मोनी बाबा ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान जी कलियुग के जागृत देव हैं। उन्होंने कहा हनुमान जी का जीवन हमें अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की सीख देता है। आज मुघेरा वाले हनुमान जी के दरबार में भक्तों की यह भारी उपस्थिति सिद्ध करती है कि धर्म और आस्था ही समाज को जोड़ने का सबसे बड़ा सूत्र है। धार्मिक अनुष्ठानों की पूणार्हूति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर मार्ग पर लंबी कतारों में खड़े होकर हजारों श्रद्धालुओं ने हनुमान जी का दिव्य प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्थाओं को संभालने के लिए स्थानीय युवा और सेवादार मुस्तैद रहे। देर शाम तक चले इस उत्सव ने छटीकरा-राधाकुंड मार्ग को पूरी तरह राममय बना दिया। क्षेत्रीय लोगों ने इस आयोजन की दिव्यता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर वीरेंद्र पुजारी, पवन पुजारी, नरेंद्र कृष्ण गौतम, दीपदास, नरेश, कान्हा, संजय, रमन लाल बघेल, श्यामलाल दास, केशवदास आदि मौजूद रहे।

# गंगा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर अहार क्षेत्र के सिद्ध बाबा गंगा घाट और मां अवंतिका देवी गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने चैत्र पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान किया और मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी।

गुरुवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का सिलसिला शुरू हो गया था जो दोपहर बाद तक जारी रहा। मंदिर परिसर में भंडारे लगाए गए। भक्तों ने बच्चों के मुंडन संस्कार कराए। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गंगा घाटों और मेला परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गई

वेलकम इंडिया संवाददाता



**डिबाई(बुलंदशहर)।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बालाजी मंडल डिबाई द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान महाराज की शोभायात्रा शिव मंदिर स्थित चौक दुर्गा प्रसाद से शाम 6 बजे से निकाली गई। जिसका शुभारंभ चेयरमैन डिबाई अरुण कुमार सिंघल के पुत्र अंकित सिंघल, अमित सिंघल व युवा समाजसेवी अनिल गोस्वामी उर्फ बिट्टू जोगी, संजीव कुमार उर्फ बंटी सर्राफ ने शिव मंदिर पर हनुमान जी की विधि विधान अनुसार पूजा अर्चना के साथ हनुमान जी की आरती उतारकर किया। शोभा यात्रा के साथ नगर के लोगों को चने का भी प्रसाद वितरण किया जा रहा था। शोभायात्रा के साथ महाकाल ढोल चंदौसी चल रहा था। यह शोभायात्रा चौक दुर्गा प्रसाद स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग रेलवे रोड, अनाज मंडी, महादेव चौराहा, पैंठ चौराहा, घंटाघर, पुलिस चौकी, छोटा बाजार, बोहरान चौक से होकर अपनी जगह समाप्त हुआ। इस मौके पर जागेश सिंघल, रमेश सिंघल, मुकुल राठी, राकेश अग्रवाल आढ़ती, अजय शर्मा बैटरी वाले, पुनीत शर्मा राजवंश पत्रकार, मौनार सिंघल, रजत सिंघल, अमित पापा, पोपी पंडित, विनय शर्मा बस वाले, हर्षित सिंघल आदि मोजूद रहे। पुलिस व्यवस्था की कमान प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह चौहान व कस्बा चौकी इंचार्ज विशाल प्रताप ने मय फोर्स के साथ संभाल रखी थी।

# जज्बे को सलाम: कौमा में पिता, गोद में 7 माह का बच्चा... फिर भी पहले प्रयास में अनुराधा बनीं असिस्टेंट कमिश्नर

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/चौमुहाँ।** कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों, तो विपरीत परिस्थितियां भी रास्ता नहीं रोक सकती। गांव जैंत की अनुराधा सिंह ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। अभावों और पारिवारिक चुनौतियों के बीच अनुराधा ने अपने पहले ही प्रयास में यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट कमिश्नर का पद हासिल किया है। इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही गांव में जश्न का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अनुराधा की यह सफलता साधारण नहीं है। उनके पिता और जिला पंचायत के पूर्व सदस्य ठाकुर मुकेश प्रताप सिंह पिछले नौ वर्षों से कौमा में हैं। नौ साल पहले एक हादसे में छत से गिरने के बाद से वे अस्वस्थ हैं। घर की इन विषम परिस्थितियों और जिम्मेदारियों के बीच अनुराधा ने हार नहीं मानी। उन्होंने बिना किसी बड़े कोचिंग संस्थान के सहारा लिए, घर पर ही सेल्फ स्टडी (स्व-अध्ययन) को अपनी ताकत बनाया।

अनुराधा के संकल्प का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब वह साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए पहुंचीं, तो उनकी गोद में सात माह का मासूम बच्चा था। मातृत्व की जिम्मेदारी और करियर की चुनौती को एक साथ निभाते हुए उन्होंने यह मुकाम हासिल किया।

उन्होंने जीएलए विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है। अनुराधा ने अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिजनों के अटूट सहयोग को दिया है।


अनुराधा के चयन की खबर जैसे ही जैंत पहुंची, ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। गांव के पूर्व प्रधान ठाकुर जगन्नाथ प्रसाद सिंह की पौत्री की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र को गर्व है।

इस अवसर पर बाबा रामगोपाल सिंह, ठा. मोहन सिंह नेताजी, नेम सिंह एडवोकेट, नत्थी बाबा, पूर्व प्रधान दलवीर सिंह उर्फ भूरा भैया, लोकमन, उमेश प्रताप सिंह एडवोकेट, रमेश प्रताप सिंह, बीडीसी ब्रजेश प्रताप सिंह, दीवान सिंह और मानेंद्र प्रताप सिंह सहित तमाम गणमान्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी। ग्रामीणों का कहना है कि अनुराधा ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। जल्द ही गांव में उनके सम्मान में एक भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# हनुमज्जयंती महोत्सव पर मानस के प्रसंग व संगीत के तरंगों से तरंगित होगा हनुमान दरबार

## इस वर्ष 12 पद्म अवार्डी व 21 नवप्रवेशी कला साधक शिरकर करेंगे

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया )।** संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो.विश्वम्भरनाथ मिश्र ने दस दिवसीय हनुमज्जयंती महोत्सव के बारे में विधिवत जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में बताया कि हनुमज्जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दो अप्रैल को संकट मोचन मंदिर प्रांगण में श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार, झांकी, आरती, पूजन होगा।

इस दौरान प्रातःकालीन सत्र में शहनाई वादन,ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक,श्री रामचरित मानस का एकाह पाठ, श्री सीताराम संकीर्तन, रामाचार्पूजन,श्री रामचरित मानस का सुंदरकांड का पाठ, सायं पांच बजे रामकृष्ण मिशन के कीर्तन मंडलियों का संकीर्तन आयोजन होगा।

इस दौरान रात्रिपर्यन्त नगर के विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा रामचरित मानस का अखंड पाठ आयोजित होगा।इसी क्रम में तीन अप्रैल से पांच अप्रैल तक सार्वभौम रामायण सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमें काशी तथा देश के अनेक ख्यातिप्राप्त मानस वक्ताओं की कथा सायं पांच बजे से रात्रि दस बजे तक होगी जिसमें मुख्य रूप से पं.उमाशंकर शर्मा (बरेली),डा. भारत भूषण पांडेय (आरा),पं.चंद्रकांत चतुवेर्दी (भभुआ) भाग लेंगे।

इसके पश्चात श्री संकट मोचन मंदिर प्रांगण में 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक छह दिवसीय रात्रिव्यापी मुक्ताकाशी संकट मोचन संगीत समारोह जिसका 103वां वर्ष है, आयोजित किया जायेगा। सम्पूर्ण रूप से शास्त्रीय संगीत पर आधारित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलासाधक अपनी हाजिरी लगायेंगे।इस बार संगीत समारोह में पद्म अवार्डी व प्रथम प्रवेशी कलाकार शिरकत करेंगे।

**छह अप्रैल सोमवार-** रूपवाणी संस्था की प्रस्तुति (नृत्य नाटिका),पं.राहुल शर्मा (संतूर),सुश्री विधालाल (कथक),एस.आकाश-श्री यद्नेश रायकर (बांसुरी-वायलिन),विदुषी मालिनी अवस्थी (गायन),राहुल मिश्रा (तबला सोलो),पं.हरविंदर शर्मा (सितार) शिखा भट्टाचार्या (कथक)।

**सात अप्रैल मंगलवार-** पं.यू राजेश,पं.शिवमणि (मेण्डोलिन-ड्रम),पं.विश्वमोहन भट्ट सलील भट्ट (मोहनवीणा-सात्विक वीणा), जरगाम अकरण खां,श्री खुर्रम अली नियाजी (तबला युगलबंदी),उस्ताद गुल्लाम अब्बास खां (गायन),पं.शुभ महाराज (तबला सोलो),पं. कुशल दास (सितार),पं.रतन मोहन शर्मा (गायन)।

**आठ अप्रैल बुधवार-** पं.उल्लाहस कसालकर ओजस प्रताप सिंह (गायन),पं.विवेक सोनार (बांसुरी),विदुषी जसपिन्दर नरूला (गायन), विदुषी कौशिकी चक्रवर्ती (गायन),पं.देवाशीष भट्टाचार्या (गिटार),पं.महेश काले (गायन),पं.आलोक लाहिड़ी-अभिषेक लाहिड़ी (सरोद)।

**नौ अप्रैल गुरुवार-** पं. देवज्योति बोस (सरोद),कृतिया नरसिंह राणा (ओडिसी),पं.यू राजेश राजेश वैद्या (मेण्डोलिन-सरस्वती वीणा),पं.अनूप जलोटा (गायन), पं.सतीश ब्यास (संतूर), पं.अजय पोहनकर (गायन), पं.जयतीर्थ मेउंडी (गायन)।

**दस अप्रैल शुक्रवार-** पं.राममोहन महाराज (कथक), पं.तेजेन्द्र नारायण मजूमदार (सरोद),पं.रोनू मजूमदार (बांसुरी),विदुषी कंकना बनर्जी (गायन),उस्ताद मसकूर अली खां (गायन),अमरेंद्र मिश्र (सितार),अनिरुद्ध भट्टाचार्या (गायन),अभिषेक व्यास (मकरंद वीणा)।

**ग्यारह अप्रैल शनिवार-** पं.रतिकांत महापात्रा सुजाता महापात्रा (ओडिसी),मेहताब अली नियाजी (सितार), विदुषी कलापिनी कोमकली (गायन),शिराज अली खां (सरोद),पं.अभय रुस्तम सोपोरी (शततंत्री वीणा),पं.हरीश तिवारी (गायन),उस्ताद शाकिर खां (सितार),पं.साजन मिश्र स्वरांश मिश्र (गायन)।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, लगभग 18 बीघा गेंहू जलकर राख



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को दुधारा थाना क्षेत्र के दुधारा के सीवान में लगभग 1.40 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग ने दर्जनों किसानों का निवाला छीन लिया। सूचना मिलने पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

थाना दुधारा क्षेत्र के गांव दुधारा के सीवान में लगभग 1.40 बजे तेज पछुआ हवाओं के बीच अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लगभग 18 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इन किसानों का जला खेत तबारक हुसेन, खुर्शीद अख्तर, हमीदा खातून, अब्दुल कलाम, महबूब आलम अंसारी, सालेहा खातून, रशीद अहमद, रिजवान अहमद, अब्दुल्लाह, जफर अहमद आदि।

# चैत्र पूर्णिमा पर मां शीतला मंदिर पर लगा मेला, हजारों लोगों ने किया दर्शन-पूजन





संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया )।** आराजी लाइन ब्लॉक के प्रतापपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित मां शीतला माता मंदिर पर गुरुवार को चैत्र पूर्णिमा पर मेला का भव्य आयोजन किया गया।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शीतला के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में दूर दराज से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची और मां का दर्शन किया वही महिलाओं द्वारा मंदिर के आसपास प्रसाद स्वरूप भोजन बनाकर चढ़ाने के बाद ग्रहण किया गया। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से भव्य मेरे का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से बड़े ही धूमधाम से मां शीतला के दरबार में चैत्र पूर्णिम पर होते आ रहा है।

मंदिर के पास भक्तों द्वारा जय माता दी, जय माता दी कि गूंज होती रही पूरे मंदिर परिसर में भक्त मां के दर्शन के लिए लगे रहे।वही शाम में मंदिर के पास ही मां के दरबार में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है भक्तगण मां के भजनों पर नाचते-गाते झूम उठते है।वही छोटे-छोटे बच्चे खिलौने व महिलाएं मेले में घरेलू सामान खरीदते नजर आई।सुरक्षा के मद्देनजर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल पीएसी बल के साथ मेले में भम्रण करते नजर आए।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 उमाशंकर त्रिपाठी, उ0नि0 रामजतन प्रजापति, हे0का0 हरिप्रकाश, का0 संजय प्रसाद, का0 जय किशन गोंड, का0 चन्द्रशेखर यादव ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 190/2026 धारा 115(2),352,351(3),191(2),191(3),333,109(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त रामबहादुर पुत्र बिन्देश्वरी निवासी ग्राम भैसासेहरी थाना कोतवाली खलीलाबाद को उसके घर से नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

विदित हो कि दिनाँक 24.03.2026 को वादी श्री रामप्रताप पुत्र सुदेश्वरी निवासी भैसासेहरी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर तहरीर दिया गया कि आवेदक व उनकी पत्नी व पुत्री को दिनांक 23.03.2026 को अभियुक्त उपरोक्त द्वारा घर में घुसकर गाली गलौज व सरिया से मारपीट करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# ग्रीन वुड सिटी गॉडविन में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुंदरकांड का पाठ व बाबा का 56 भोग का आयोजन

उज्जवल रस्तौगी





**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** मेरठ बृहस्पतिवार को हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम ग्रीनवुड सिटी गॉडविन में 108 परिवारों से हनुमान बाबा का भोग आया जिसे मातृशक्ति ने बड़े ही मनोभाव से सजाया व पैकिंग की पंडित बृजेश शास्त्री ने हनुमान बाबा का चोला चढ़ाया साथ ही सुंदरकांड का पाठ कॉलोनी निवासियों द्वारा किया गया।

इसके उपरांत बाबा की आरती की गई वह 56 भोग प्रसाद का भोग लगाकर उपस्थित अपार जनसमूह को वितरण किया गया।

कार्यक्रम संयोजक संजीव जैन ने बताया की कार्यक्रम को सफल बनाने में मातृशक्ति व एन.के.अग्रवाल दिनेश गोयल धर्म कुमार गुप्ता देवेश चौहान दीपक पुंडीर पंकज उम्मेद सिंह ओंकार रश्मिकांत राजुल वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को नि:शुल्क पुस्तक वितरण



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया )।** सेवापुरी ब्लॉक के बिहड़ा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य संध्या सिंह द्वारा बच्चों में पुस्तक वितरण किया गया।संध्या सिंह ने कहां कि बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।वही उन्होंने सभी बच्चों से कहां की अगर आपके अलग-बगल कोई भी बच्चा स्कूल नही जाता हो तो आप सभी उसको प्रेरित कर के स्कूल जरूर लाए और उनका स्कूल में दाखिला करवाए।डॉ. आलोक त्रिपाठी ने कहां की सरकार का मनसा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए इस लिए विद्यालय में निःशुल्क दाखिला व पुस्तक वितरण किया जा रहा है कि हर वर्ग के बच्चे पढ़ाई कर सके।पुस्तक वितरण कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों में किया गया।

# एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में लघु उद्योग भारती ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का किया सम्मान

## वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 उद्योग और संस्कृति को मिला नया आयाम

संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन किया गया।इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के बीच औद्योगिक, व्यापारिक तथा सांस्कृतिक सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट),जीआई टैग, शिल्प,कृषि एवं फूड उत्पादकों,उद्योग जगत के निवेशकों तथा शिल्पकारों को एक व्यापक साझा मंच प्रदान किया गया। सम्मेलन के अंतर्गत एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश के ओडीओपी उत्पादों,हस्तशिल्प एवं पारंपरिक वस्त्रों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।इस प्रदर्शनी ने आगंतुकों,उद्यमियों तथा निवेशकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक संभावनाओं को नई दिशा प्रदान की।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सिंह ने प्रदेश उपाध्यक्ष दीनानाथ बरनवाल के साथ संगठन की ओर से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती को उद्यमियों के हित में समर्पित एवं सक्रिय संगठन बताते हुए इसके कार्यों की सराहना की। राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में उद्योग स्थापना हेतु पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध है। राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के नए उद्यमियों को कम लागत पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है यह पहल दोनों राज्यों के बीच औद्योगिक सहयोग को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा नए निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करेगी।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती संगठन के ज्योति शंकर मिश्रा,बृजेश गुप्ता,दिलीप गुप्ता,विपुल शंकर पांड्या, आयुष शाह, मनोज गुप्ता,विनय,नवीन,अनिल राय,देवी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े उद्यमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# थाना दुधारा पुलिस ने पाक्सो एक्ट व उ0प्र0 विधि विरूध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा के नेतृत्व मे गठित टीम उ0नि0 अनिल मिश्रा, का0 भूपेन्द्र कुमार दूबे ने मु अ. सं. 26/2026 धारा 74,333,352 बीएनएस, 7/8 पाक्सो एक्ट व 3/5 उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म सम परिवर्तन अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त रमजान पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम लोहरौली ठकुराई थाना दुधारा को बृहस्पतिवार को पिपरा बोरिंग मोड़ के पास से विधिक नियमों का पालन करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

विदित हो कि दिनाँक 24.01.02026 को थाना दुधारा पर वादिनी द्वारा अभियुक्त पर अपनी पुत्री के साथ अश्लील बातें करना, छेड़छाड़ के साथ अन्य प्रकरण के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# दर्शन करने आई दो महिलाओं से हुआ स्नैचिंग, एक महिला हिरासत में

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव स्थित मां शीतला मंदिर पर गुरुवार को मेले के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर महिला चेन स्नैचर ने मिजार्मुराद क्षेत्र के भोरकला (मनकैया) गांव निवासी उर्मिला सिंह व मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के व्यासपुर गांव निवासिनी बिंदु देवी का चेन व मंगलसूत्र छीन ली।उसी समय महिलाओं के शोर मचाने पर भीड़ ने एक महिला स्नैचर को पकड़ ली और पिटाई करने के बाद मिजार्मुराद पुलिस को सौप दी। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि महिला को थाने लाया गया है पूछताछ किया जा रहा है।

# हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर हुआ भंडारों एवं ठंडे छबील का आयोजन

उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** मेरठ में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में विभिन्न स्थानों पर भंडारो एवं ठंडे पानी की प्याऊ का आयोजन किया गया दिल्ली रोड परतापुर स्थित संस्कार एकेडमी स्कूल में छोटे–छोटे स्कूली छात्र–छात्राओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया तत्पश्चात बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी की प्याऊ एवं भंडारों का भी आयोजन किया गया विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति द्वारा संस्कार एकेडमी में बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया जिसमें सीमा शर्मा आरती अनीता प्रधान कामना शर्मा प्रवीण शर्मा एवं डेढ़ सौ बच्चों ने भाग लिया शताब्दी नगर स्थित पंचवटी कॉलोनी निवासियों ने एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवान भगवान को भोग लगाने के पश्चात आम लोगों में वितरित किए गए इस भंडारे में प्रवीण शर्मा, शोभिर सिंह, अमित भारद्वाज, बनी सिंह, अमित वशिष्ट, कमल सिंह, पी एस त्यागी, अजय चौधरी के साथ समस्त पंचवटी कॉलोनी निवासियों का भरपूर सहयोग रहा वहीं दूसरी ओर इस अवसर पर इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री संचालक करण खुराना ने ठंडे पानी की प्याऊ का आयोजन किया और गर्मी में गुजर रहे राहगीरों की प्यास बुझाई।

# स्मार्ट विघुत मीटर से उपभोक्ता परेशान

**बुगरासी(वेलकम इंडिया)।** विघुत विभाग की लापरवाही के चलते उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उपभोक्ता रविन्द्र सुरेंद्र विपिन आदि का कहना है कि इन स्मार्ट मीटरों से पहले से सी तेज चलने की वजह से परेशान थे लेकिन अब एक नई परेशानी ने परेशान करके रख दिया है। कि अचानक बिजली गुल हो रही है।कस्बे में अचानक कई दर्जन उपभोक्ताओं की बिजली कट हो गई।बुगरासी एसडीओ से फोन पर बात करनी चाही तो जनाब ने फोन उठाने की जहमत भी नही की। फिर जेई बुगरासी श्री राम को फोन मिलाया और बिजली कट होने का कारण जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि कम से कम 500 रुपए एडवांस रिचार्ज रहना चाहिए।तभी बिजली कट नहीं होगी।

# संघर्ष से सफलता तक बृजेश अकोल बने नायब तहसीलदार,रच दी मिसाल

## जिम्मेदारियों के बीच नहीं टूटा हौसला,बृजेश ने हासिल की 249वीं रैंक


संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** गुम्मट तख्त पहलवान देवरी रोड आगरा के रहने वाले बृजेश अकोल की कहानी संघर्ष, जिम्मेदारी और सपनों की एक प्रेरणादायक मिसाल है एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे बृजेश,अपने पिता राकेश अकोल और माँ मंजू देवी के चार बच्चों में सबसे बड़े बेटे हैं और इसी वजह से बचपन से ही उनके कंधों पर परिवार की जिम्मेदारियाँ भी आ गई थीं। साल 2023 में उन्होंने दूरदर्शन केंद्र में स्थित पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी में एमटीएस के पद पर कार्यभार संभाला। यह उनके जीवन की पहली बड़ी उपलब्धि थी लेकिन उनके सपनों की उड़ान इससे कहीं आगे तक थी।नौकरी के साथ-साथ उन्होंने अपने लक्ष्य को कभी धुंधला नहीं होने दिया। कई कठिनाइयों,त्याग और अनगिनत संघर्षों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी।

आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में 249वीं रैंक हासिल कर उन्होंने नायब तहसीलदार का प्रतिष्ठित पद प्राप्त किया यह सिर्फ एक नौकरी नहीं,बल्कि उनके परिवार के सपनों का साकार होना था। आज बृजेश की सफलता हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो सीमित साधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला रखता है उनकी कहानी यह सिखाती है कि अगर इरादे मजबूत हों,तो कोई भी मुश्किल रास्ता मंजिल तक पहुंचने से रोक नहीं सकता।

# एलडब्ल्यू में उमड़ा आस्था का सैलाब,हनुमान जयंती पर हजारों ने छका प्रसाद



संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बीएलडब्ल्यू स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह भगवान हनुमान के विधि-विधान से पूजन और महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ पूरा मंदिर परिसर 'जय बजरंगबली' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खूब वाहवाही बटोरी। दोपहर से शुरू हुए भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति की चाक-चौबंद व्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

# सनसनीखेज वारदात, 17 साल के किशोर की हत्या कर कुएं में फेंकी लाश

## मिस्ट्री कॉल के बाद हुआ था लापता, यूपी पुलिस की 5 टीमें कातिलों की तलाश में जुटीं

वेलकम इंडिया संवाददाता











**बुलंदशहर।** गुरुवार सुबह को एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में पिछले 5 दिनों से लापता 17 वर्षीय किशोर, अनमोल पुत्र हरिराज मीना का शव एक कुएं से बरामद हुआ। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी पैदा कर दी है। पुलिस इसे सोची-समझी साजिश और हत्या मानकर जांच कर रही है।

### आधी रात का 'डेथ कॉल'?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अनमोल 29 मार्च की रात को अपने घर में था, तभी उसके पास एक 'रहस्यमयी फोन कॉल' आई। कॉल सुनने के बाद वह परिजनों को बिना कुछ बताए घर से निकला और फिर रहस्यमयी तरीके से लापता हो गया। गुरुवार सुबह को ग्राम छोटाबास अकरबास कनैनी में उसका शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया।

### एक्शन में योगी की पुलिस

5 स्पेशल टीमें तैनात मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने कड़े रुख अख्तियार कर लिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. तेजवीर सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर कमान संभाली है।

**जांच का जाल:** पुलिस ने आरोपियों को दबोचने के लिए 05 स्पेशल टीमों का गठन किया है।

**डिजिटल सबूत:** अनमोल के मोबाइल की कॉल डिटेल्स (CDR) खंगाली जा रही है ताकि उस आखिरी कॉल करने वाले का चेहरा बेनकाब हो सके।

**हिरासत में संदिग्ध:** सूत्रों के हवाले से खबर है कि पुलिस ने गांव के ही कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

गांव में जनपद के विभिन्न थानों का भारी पुलिस बल पहुंचा। शव को कुएं से निकालने के लिए फायर ब्रिगेड और फोरेंसिक टीम की मदद ली गई। एसएसपी के सख्त निर्देश पर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं शिकारपुर सीओ शंशाक श्रीवास्तव घटना की बारीकी से जांच में जुटे हैं। घटना के बाद से गांव में आक्रोश का माहौल पैदा हो गया है। परिजनों का आरोप है कि अनमोल की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को कुएं में फेंका गया है।

पुलिस ने सख्त लहजे में कहा है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोरतम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

सनसनी खेज वारदात की घटना को लेकर पूर्व विधायक गुड्डू पंडित की पत्नी अर्चना पंडा भी गांव में घटनास्थल पर पहुंची और घटना को लेकर उनकी पुलिस के साथ नौकझोक हुई है। उधर गुरुवार शाम को गमगीन माहौल में अनमोल मीणा का अंतिम संस्कार पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की बीच किया गया है।

# हनुमान जी की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली



वेलकम इंडिया संवाददाता

**रामघाट/बुलंदशहर।** हनुमान जी की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई जिस शोभायात्रा का भाजपा ब्लाक प्रमुख पति अनार सिंह लोधी ने फीता काटकर शुभारंभ किया आपको बता दे रामघाट में गोपालपुर हनुमान मंदिर से आकर्षक हनुमान जी की शोभायात्रा का पूजा अर्चना कर बैंड बाजों के साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनार सिंह लोधी ने फीता काटकर शुभारंभ किया यह शोभायात्रा रामलीला मैदान गंगा घाट से निकलते हुए गांव में भ्रमण करने के बाद हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना के साथ समापन किया गया। शोभायात्रा का हनुमान भक्त जनों जगह-जगह रोक कर आरती उतारकर पुष्पों की वर्षा करते देखा गया शोभायात्रा के दौरान रामघाट चौकी प्रभारी आशीष कुमार मय पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से तैनात रहकर पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी इस अवसर पर रामघाट प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा एसआई ज्ञानेंद्र सिंह भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव हिमांशु शर्मा शिवम भारद्वाज महेश पाठक अनुज मित्तल अंकुर मित्तल शिव शंकर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बरहाना में बडे हर्षोल्लास से मनाई हनुमान जयंती

वेलकम इंडिया संवाददाता







**बुगरासी।** बरहाना गांव में हनुमान जयंती ग्रामीणों ने बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई। जानकारी के अनुसार बरहाना गांव मे गुरूवार को पंचायत भवन पर सारी रात मैया के जागरण में झूमे ।इससे पहले कथावाचक ब्रह्म चारी सत्यप्रकाश ने श्रीमद भागवत कथा का गुणगान किया जिसमें गांव वासियों ने रात दिन ज्ञान की गंगा में गोता लगाये ।गरूवार सुबह को गाडी में प्रसाद रखकर घर घर जाकर प्रसाद वितरण किया ।इसके बाद सारे गांव के मुख्य मार्गों से ट्रैक्टर ट्रालियों में बैठकर महिला पुरूषों व बच्चों ने परिक्रमा लगाई ।बुगरासी बरहाना मार्ग पर बने हनुमान मंदिर पर जाकर समापन हुआ ।फिर सभी मौजूद जनों व आगंतुकों को भी प्रसाद वितरण किया गया ।जागरण करने वालों में अनिल शर्मा प्याना खुर्द मंगू त्यागी स्याना व पार्टी रहे। सहयोग करने वाले आदेश त्यागी विक्की त्यागी ललित प्रजापति देवेन्द्र त्यागी शुभम त्यागी प्रियक त्यागी प्रियांशु त्यागी गोकुल शर्मा गिरीश त्यागी रोबिन त्यागी मनोज त्यागी सूरज त्यागी डब्बू त्यागी विवेक त्यागी वाईके त्यागी देवेन्द्र उपाध्याय सहित सैकड़ों गांव वासी रहे।

# अगौता पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया संवाददाता

**अगौता।** बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार और प्रशासन द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया बृहस्पतिवार को कस्बा अगौता में स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई मिशन शक्ति प्रभारी एसएसआई संजय सिंह ने मिशन शक्ति के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी महिला कांस्टेबल साक्षी भारद्वाज व महिमा सागर ने भी छात्राओं को मिशन शक्ति व उनके अधिकार व मिलने वाली सहायता के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित छात्राओं को उनके हक अधिकार और सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला हेल्पलाइन 112 पुलिस हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 102 एम्बुलेंस आदि नंबरों से आपातकाल की स्थिति में मिलने वाली मदद के बारे में जानकारी दी।

# सिद्धनगला पेट्रोल हत्याकांड: छह साल बाद मिला न्याय, दंपत्ति को आजीवन कारावास

वेलकम इंडिया संवाददाता




**जहांगीराबाद।** जिला बुलंदशहर के चर्चित 'सिद्धनगला पेट्रोल हत्याकांड' में बुधवार को न्यायालय ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया है। कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र के इस जघन्य मामले में एडीजे (स्पेशल एससी/एसटी एक्ट) धीरेंद्र कुमार की अदालत ने आरोपी पति-पत्नी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और साथ ही 55-55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

बता दें कि यह घटना वर्ष 2020 में नबंबर महीने की है। थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम सिद्धनगला निवासी जंगी उर्फ जगवीर के घर में घुसकर पुरानी रंजिश के चलते ग्राम धामनी निवासी संजय और उसकी पत्नी काजल उर्फ पूनम ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। दोनों ने जगवीर की पुत्री गुलशन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। इस दर्दनाक हमले में युवती बुरी तरह झुलस गई थी और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 17 नवंबर 2020 को मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की तत्परता दिखाते हुए 15 जनवरी 2021 को ही न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी थी तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत इस केस को चिन्हित किया गया था। मॉनीटरिंग सेल बुलन्दशहर की निगरानी में कुल 9 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। अभियोजक विपुल कुमार राघव और उनकी टीम की मजबूत दलीलों के आगे आरोपी टिक न सके और बुधवार को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट के इस फैसले के बाद पुलिस प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया है। इस केस को अंजाम तक पहुँचाने में अभियोजक विपुल कुमार राघव, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह, पैरोकार कांस्टेबल मुकेश और कोर्ट मुहर्रिर विकास कुमार की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। पुलिस विभाग ने इस सफलता को कानून व्यवस्था के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। 'यह फैसला अपराधियों के लिए एक कड़ा संदेश है। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के माध्यम से पुलिस की प्रभावी पैरवी का ही परिणाम है कि पीड़िता के परिवार को न्याय मिला है।'

# नो एंट्री में घुस रहे भारी वाहन, रोजाना लग रहा जाम जिम्मेदार बेखबर

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर।** कस्बे में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिससे रोजाना जाम की समस्या उत्पन्न होती है। नो एंट्री में भी ट्रक दौड़ रहे हैं। पुलिस से लेकर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। आए दिन जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। नगर के मुख्य खुर्जा बस स्टैंड से चैनपुरा तिराहे तक तथा मार्गों के किनारे अवैध अतिक्रमण हो गया है। सड़क के फुटपाथ पर अवैध ठेले-फड़ लग रहे हैं। ई-रिक्शा चालक भी फुटपाथ और सड़क पर वाहन खड़ा कर रहे हैं तथा बड़े वाहन भी दिन भर इस मार्ग से चल रहे हैं। पुलिस और नगर पालिका इस मार्ग से न तो अतिक्रमण हटा रहे है। न ही नो-इंट्री में वाहनों को रोक रहे है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन की कार्रवाई केवल औपचारिकता भर है और जमीनी स्तर पर कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। ट्रैफिक जाम के कारण एंबुलेंसों का रोजाना फंसना और लगातार हो रहे हादसे नागरिकों के आक्रोश को बढ़ा रहे हैं।

# मामूली विवाद में पत्नी ने लगाई आग, बचाने में पति भी झुलसा, दोनों की मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता







**बुलंदशहर।** डिबाई कोतवाली क्षेत्र के गांव रहमापुर में पति-पत्नी के बीच हुआ मामूली विवाद दर्दनाक हादसे में बदल गया। विवाद के दौरान पत्नी ने गुस्से में आकर स्वयं को आग लगा ली। पत्नी को बचाने के प्रयास में पति भी गंभीर रूप से झुलस गया।

गंभीर रूप से झुलसे पति-पत्नी की अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान पति मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक हो गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार बुधवार कर देर रात आपसी कहासुनी के विवाद में 35 वर्षीय रिंकू पुत्र स्वर्गीय८ चंद्रपाल सिंह अपनी पत्नी 32 वर्षीय रूबी से कहासुनी हो गई। इसी से नाराज होकर पत्नी ने स्वयं पर कैरोसिन छिड़कर आग लगा ली। पत्नी को बचाने के चक्कर में पति भी गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई।

आनन फानन में परिजनों ने गंभीर रूप से झुलसे दोनों पति-पत्नी को डिबाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत नाजुक देख अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं डिबाई थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्रथम द्दष्टया मामला आपसी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# साप्ताहिक शनि बाजार एवं पैंठ हेतु निविदा प्रक्रिया खुली बोली के माध्यम से संपन्न कराई गई: ईओ



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद शिकारपुर के मीटिंग हॉल में चेयरपर्सन राजबाला सैनी एवं अधिशासी अधिकारी सुश्री नीतू सिंह की गरिमामयी उपस्थिति एवं देख-रेख में दिनाँक 15 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक रामलीला मैदान में लगने वाले साप्ताहिक शनि बाजार एवं पैंठ हेतु निविदा प्रक्रिया खुली बोली के माध्यम से संपन्न कराई गई।

इस प्रक्रिया में विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया, जिसमें सर्वाधिक बोली 38,80,000/- (अड़तीस लाख अस्सी हजार रुपये मात्र) मै0 शर्मा कंस्ट्रक्शन, निवासी ग्राम अमरगढ़, जहाँगीराबाद द्वारा लगाई गई।

बोली के दौरान नगर पालिका परिषद शिकारपुर के सभासद व अन्य गणमान्य नागरिक, बोलीदाता एवं उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव, भाजपा नेता तारीक खान ने किया भव्य स्वागत

जाकिर तुर्क



**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** कस्बा शाहजहांपुर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। शिव मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर से किया गया। पूरे कस्बे में भगवान हनुमान के जयकारों की गूंज सुनाई दी। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता तारीक खान ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए अपने समर्थकों के साथ शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया, साथ ही फल वितरण एवं जलपान की उत्तम व्यवस्था भी कराई, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कस्बे के अन्य स्थानों पर भी शोभायात्रा का स्वागत किया गया। चेयरमैन वसी उर्रहमान द्वारा भी श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई। बड़ा बाजार एवं गढ़ रोड स्थित शिव मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां विशेष रूप से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं।

# साक्षर हत्याकांड का मुख्य विलेन दबोचा, पल्सर और फावड़े उगल रहे खौफनाक राज

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** जिले की कोतवाली नगर पुलिस ने साक्षर कौशिक हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए 'फरार' चल रहे मुख्य आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए इस आरोपी की निशानदेही पर जो बरामदगी हुई है, उसने कत्ल की पटकथा की बर्बरता को बयां कर दिया है। पुलिस ने न केवल मृतक की बाइक बरामद की, बल्कि वे तीन फावड़े भी ढूंढ निकाले जिनसे साक्षर के शव को जमीन में दफन कर दिया गया था।

### दोस्ती में दगा और फिर 'खूनी' खेल

बता दें कि देवीपुरा निवासी संजीव कौशिक का पुत्र साक्षर 30 मार्च की रात को अपने परिचित देवेश के साथ घर से निकला था, लेकिन वह फिर कभी जिंदा वापस नहीं लौटा। परिजनों की आंखों के आंसू अभी सूखे भी नहीं थे कि 1 अप्रैल को पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेजकर हत्याकांड की पुष्टि कर दी। लेकिन असली 'मास्टरमाइंड' दीपक अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर था।

### बदनौरा पुल के पास बिछाया जाल

गुरुवार को कोतवाली नगर प्रभारी धर्मेंद्र सिंह राठौर की टीम को सटीक सूचना मिली कि मुख्य आरोपी दीपक बदनौरा पुल के पास छिपने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की और शातिर दीपक को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खौफनाक रहा है; उस पर पहले से ही छेड़खानी और मारपीट के संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

### बरामदगी ने उड़ाए होश

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर साक्षर की पल्सर बाइक (यूपी 13-सीजे -1915) और तीन फावड़े बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, इन फावड़ों का इस्तेमाल शव को ठिकाने लगाने के लिए गड्ढा खोदने में किया गया था।

### पुरानी रंजिश या कुछ और?

पुलिस अब इस बात की तह तक जा रही है कि आखिर दीपक और उसके साथियों ने इतनी बेरहमी से इस वारदात को अंजाम क्यों दिया। क्या यह सिर्फ एक तात्कालिक झगड़ा था या इसके पीछे कोई गहरी साजिश छिपी थी? फिलहाल, पुलिस ने आरोपी दीपक को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# आरकेजीआईटी में हुआ 'तत्व-26' एवं 'अलाकृति-26' का जोरदार आगाज

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद में दो दिवसीय टेक्निकल फेस्ट 'तत्व-26' का भव्य शुभारंभ हुआ। टेक्निकल फेस्ट 'तत्व-26' एवं मैनेजमेंट फेस्ट 'अलाकृति-26' की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री अक्षत गोयल वाइस चेयरमैन आरकेजी ग्रुप के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गई। मुख्य अतिथि एवं संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार के मंच और अवसर नियमित रूप से मिलते रहना चाहिए, ताकि वे अपने हुनर और क्षमताओं का विकास कर सकें।

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. बी सी शर्मा ने दो दिवसीय तकनीकी उत्सव के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। समूह के सलाहकार प्रो. लक्ष्मण प्रसाद और डीन छात्र कल्याण एच. जी. गर्ग ने संकाय और अन्य कॉलेजों से आए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्र गतिविधि परिषद के अध्यक्ष आलोक त्यागी ने प्रतिभागियों को सांस्कृतिक, साहित्यिक, शौक और खेल गतिविधियों, उनके नियमों और निर्णय प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान ने प्रेस-मीडिया से आए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

उत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए लिटरेरी काउंसिल ने इंग्लिश और हिंदी पोएट्री, डिबेट, ग्रुप डिस्कशन, ओपन माइक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। हॉबी काउंसिल ने आर्ट मेला, रोबो रेस, आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया। कल्चरल काउंसिल ने ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग और ड्रामा/नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिसमें ग्रीक थीम वाला रैम्प वॉक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। स्पोर्ट्स काउंसिल ने बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो जैसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कल्चरल काउंसिल के इंटर-कालेज इवेंट्स में नुक्कड़ नाटक, ग्रुप डांस और सोलो परफॉर्मेंस ने उत्सव को और भी रोमांचक बना दिया।

कल्चरल काउंसिल में ग्रीक थीम वाला रैम्प वॉक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस वर्ष के वार्षिक उत्सव तत्व 2ङ26 का समापन 3 अप्रैल को प्राइज वितरण समारोह के साथ होगा। इसके बाद शाम को आयोजित सेलेब्रिटी नाइट में प्रसिद्ध गायिका सुनंदा शर्मा अपने मधुर संगीत से माहौल को और भी जीवंत बनाएंगी। आरकेजीआईटी का यह वार्षिक उत्सव न केवल विद्यार्थियों के हुनर और प्रतिभा को मंच प्रदान करता है, बल्कि उनके समग्र विकास और सांस्कृतिक जागरूकता को भी बढ़ावा देता है।

# हनुमान जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बालाजी इलेक्ट्रॉनिक्स के तत्वाधान में बस स्टैंड के सामने गांधी मार्केट में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। भंडारे का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया, जिसमें विशेष रूप से संदीप मित्तल, पंकज मित्तल एवं नेमचंद तोमर का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान राम अवतार अग्रवाल, विजेंद्र आर्य, नरेश टीटोरिया, राघव मित्तल, धीरज वर्मा, संजय मूलचंद गर्ग, मोनू धाम, देवपाल हरित, अनिल वशिष्ठ, प्रवीण गुप्ता, विनोद गुप्ता, अशरफ अली, पवन गुप्ता, विधायक सुदेश शर्मा, आशीष शर्मा, सुनील शर्मा, मोहित शर्मा, रवि दत्त सेन, प्रशांत शर्मा एवं सागर शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम लगाने के मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता 4 को करेंगे प्रदर्शन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** छतरी वाले मंदिर में कांग्रेस कार्यकताओं की हुई बैठक में प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम लगाने के मांग को लेकर 4 अप्रैल को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

पीसीसी सदस्य पंडित सुनील शर्मा ने कहा कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमर्जी से अपनी पसंद के प्रकाशक की पुस्तक अपने स्कूलों में लगाई जा रही है, जबकि भारत सरकार की तरफ से आदेश है कि सभी स्कूलों में एनसीईआरटीई की ही पुस्तक सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई जाएं जिसका पालन कोई भी स्कूल नहीं कर रहा है शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से सभी ने 4 अप्रैल 2026 को तहसील दिवस मे अधिक से अधिक मात्रा में कांग्रेसी कार्यकर्ता पहुंचकर अधिकारियों को अवगत कराएंगे यदि तहसील दिवस में स्कूलो पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 8 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन धरना तहसील परिसर में शहर कांग्रेस कमेटी करेगी। इस बैठक की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन ने की और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष चांद वीर चौधरी ने किया और वीरेंद्र शर्मा को शहर सचिव व राकेश सोनी संतपुरा को महर्षि दयानंद मण्डल के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए निरंतर काम करने की बात कही। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य पंडित सुनील शर्मा, शहर अध्यक्ष मोदीनगर बृजेश कुमार सेन, ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर चांद वीर चौधरी, । अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर: पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने सुनी जनसमस्याएं



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनसुनवाई के क्रम में पुलिस उपायुक्त ग्रामीण श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी द्वारा अपने कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंचे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा शिकायतकताओं को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य कानून-व्यवस्था से संबंधित मामले शामिल रहे। सभी प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस पहल से आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अनुज गोयल कॉलेज ऑफ लॉ में श्रीहनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अनुज गोयल कॉलेज ऑफ लॉ, भोजपुर, मोदीनगर में महानतम वीरता और सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता, सर्वश्रेष्ठ राजदूत कर्म और भक्ति, अखण्ड ब्रह्मचारी सर्वस्व समर्पण के एक मात्र रिकॉर्डधारी, वेदो एव व्याकरण के पंडित अंजनी पुत्र श्रीहनुमान जी का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। प्रथम बैदिक मन्त्रोच्चार करके पूज्य माताजी श्रीमती माया गोयल व कॉलेज की डायरेक्टर डा० पूनम गोयल जी ने हनुमान जी को नवीन वस्त्र धारण कराए। तत्पश्चात हनुमान चालीसा व आरती की। इस पर्व पर कॉलेज के अध्यक्ष, शिक्षाविद, सीए० काउन्सिल मेम्बर, चार्टड एकाउन्टेन्ट डा० अनुज गोयल जी ने अपने सन्देश में कहा कि नारी के स्वाभिमान की रक्षा, मयार्दा और निःस्वार्थ सेवा श्री हनुमान जी से सीखनी चाहिए। कॉलेज की डायरेक्टर डा० पूनम गोयल ने कहा कि सत्प्रवृत्तियो का संर्वद्धन और दुष्प्रवृत्तियो का उन्मूलन परम प्रतापी हनुमान जी ने किया था। इसके पश्चात सभी छात्र, छात्राऐ, शिक्षकों व अन्य गणमान्य व्यक्तियो ने प्रसाद ग्रहण किया डा० पूनम गोयल जी ने सभी आगुन्तको को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जेवर एयरपोर्ट विस्तार को रफ्तार: 3 अप्रैल से गांव-गांव मुआवजा कैंप, किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

कपिल चौहान





**ग्रेटर नोएडा(वेलकम इंडिया)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-2 और फेज-3 के विस्तार कार्य को गति देते हुए प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण प्रक्रिया तेज कर दी है। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल 14 गांवों की लगभग 1838 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के लिए किसानों को प्रतिकर (मुआवजा) प्रदान किया जाएगा। इस प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से 3 अप्रैल से प्रभावित गांवों में प्रतिदिन कैंप लगाए जाएंगे।

इन कैंपों में किसानों से आवश्यक प्रपत्र लिए जाएंगे तथा मौके पर ही सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि हर गांव में राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। तहसीलदार जेवर को इन कैंपों का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो। प्रशासन ने प्रभावित किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने-अपने गांव में लगने वाले कैंप में पहुंचकर मुआवजा प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराएं, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

# वांछित/इनामी लुटेरा गिरफ्तार: वेव सिटी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना वेव सिटी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चीन झट्टी (चेन स्नैचिंग) व लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह अभियुक्त लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था और क्षेत्र में लगातार वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैला रहा था। पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से लूट से संबंधित सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त पर पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसकी गिरफ्तारी पर पुरस्कार भी घोषित था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस प्रकार के अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# डी.जे. कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च में 'रिफ्लेक्शंस 2026' 2026' दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डी.जे. कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च में बीडीएस उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए रिफ्लेक्शंस 2026 नामक गरिमामय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. हिमांशु एरन, कुलपति, आरबीबी सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून उपस्थित रहे।

समारोह में डी.जे. ग्रुप की सीईओ डॉ. स्मिति क्लेयर जस्सार, डेंटल प्रिंसिपल डॉ. पुनीत आहूजा, यूजी डीन डॉ. मनु धिल्लों, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. दीप्ति जावा सहित सभी विभागों के एचओडी एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्नातक विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया, जिससे पूरा वातावरण भावनात्मक और गर्व से परिपूर्ण हो उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं और उनके शैक्षणिक सफर को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु एरन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी को स्वीकार करने का दिन है, और सभी नवस्नातक अब समाज के स्वास्थ्य रक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

इसी क्रम में डी.जे. ग्रुप की सीईओ डॉ. स्मिति क्लेयर जस्सार ने संस्थान की प्रगतिशील दृष्टि को साझा करते हुए बताया कि डी.जे. ग्रुप स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है।

उन्होंने 'डी.जे. मेडिसिटी' प्रोजेक्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें डेंटल कॉलेज एक महत्वपूर्ण स्तंभ होगा, जो विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं, क्लिनिकल एक्सपोजर और व्यापक अवसर प्रदान करेगा। समारोह को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल डॉ. पुनीत आहूजा ने कहा कि कॉलेज को अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है।

उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है, और उन्हें विश्वास है कि ये सभी छात्र भविष्य में कुशल एवं संवेदनशील दंत चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे।

समारोह का समापन उत्साह और भावनाओं के साथ हुआ, जहां विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने इस विशेष क्षण को 'रिफ्लेक्शंस 2026' के रूप में संजोया और सभी ने नवस्नातकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रक्तदान शिविर में एमआईईटी के छात्रों का जोश, सैकड़ों यूनिट रक्त किया दान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में प्यारेलाल जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक एवं अहिंसा सोशल कमेटी के संयुक्त सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा की मिसाल पेश की।


शिविर का उद्घाटन एमआईईटी के कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर एवं मीडिया हेड अजय चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जिसके माध्यम से अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। जरूरतमंदों की सहायता के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत सराहनीय पहल हैं।

रक्तदान शिविर के दौरान कुल 174 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें 115 छात्रों ने पहली बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीन एकेडेमिक्स डॉ. संजीव सिंह, मनोज अग्रवाल, अखिल गौतम, अजय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अहिंसा सोशल कमेटी की ओर से छात्र समन्वयक अंशिका, खुशी, केसर, वंशिका, ईशा, कृष्ण, दिव्यांशु, सैयद, राहुल एवं अखिल सहित अन्य छात्रों का आयोजन में विशेष योगदान रहा।

# अखिल भारतीय नेहरा ट्रस्ट ने किया समाज की अनेक प्रतिभाओं को सम्मानित

## नेहरा समाज ने जो प्यार दिया है भूलूंगा नहीं -हर्ष नेहरा

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** स्थानीय गांव गदाना में यूपीएससी में 74वां रैंक प्राप्त करने वाले बहादरपुर (मेरठ) निवासी हर्ष नेहरा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनुज नेहरा, कुमारी रूपा नेहरा व डॉ. शगुन नेहरा समेत नेहरा समाज की अनेक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय नेहरा ट्रस्ट ने किया गया इसमें मोदीनगर के आसपास और देशभर के नेहरा समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया और इन मेधावी प्रतिभाओं को सराहा। मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अमित नेहरा और अभिषेक नेहरा ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजब सिंह नेहरा ने की। इस मौके पर सभी प्रतिभाओं को फूलमाला, पगड़ी, पटके, मोमेंटो व शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजब सिंह नेहरा ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि नेहरा समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उन्हें तराशने की जरूरत है। नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नेहरा सिरसा ने कहा कि हर्ष नेहरा ने यूपीएससी की परीक्षा में टॉप में आकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे हमारे समाज के बच्चों को बड़ी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में नेहरा खाप के राजस्थान के अध्यक्ष बलवीर सिंह नेहरा ने कहा कि समाज में हर्ष नेहरा जैसे होनहार युवाओं का होना सम्मान का विषय है। वरिष्ठ पत्रकार अमित नेहरा ने कहा कि आईएएस अधिकारियों में समाज के प्रति सकारात्मक सोच का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने हर्ष नेहरा की पीठ थपथपाई कि वे अत्यंत मेधावी होने के साथ-साथ एक बेहद अच्छे इंसान भी हैं। कार्यक्रम में नव चयनित आईएएस हर्ष नेहरा ने बताया कि उन्होंने कितनी मेहनत करके यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि वे सर्वसमाज का सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेहरा समाज ने आज उन्हें जो सम्मान दिया है वे उसे पूरी उम्र नहीं भूलेंगे। उन्होंने समाज के सभी लोगों का धन्यवाद किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नरेश नेहरा चेयरमैन, अजय नेहरा, अल्स्टन नेहरा, सतीश नेहरा, जयबीर नेहरा, अर्जुन नेहरा और राजकुमार नेहरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में सुभाष नेहरा, ओमपाल नेहरा, राजकुमार नेहरा, ओमप्रकाश नेहरा थानेदार, रणबीर नेहरा, धूपसिंह नेहरा, सहीराम, करतार सिंह, मयंक चौधरी, सतीश नेहरा, विजय नेहरा, अनिल नेहरा, कृष्ण नेहरा, करणबीर नेहरा, वीरेंद्र नेहरा, ज्ञानेंद्र नेहरा, श्यामबीर सिंह नेहरा, सिंटू नेहरा, विनोद नेहरा, हर्ष नेहरा के दादा विक्रम नेहरा, मां अनीता नेहरा, पिता अजय नेहरा व मामा रजनीश सिंह तोमर, समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

# हनुमान जयंती पर भक्ति में डूबा शहर, झांकियों और भंडारों से गूंजा माहौल








**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हिंडन विहार स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर सहित शहर के विभिन्न मंदिरों में भव्य सजावट की गई और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और आकर्षक झांकियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य झांकियां निकाली गईं, जिसने पूरे क्षेत्र को रामभक्ति और हनुमान भक्ति के रंग में रंग दिया। यह शोभायात्रा विजयनगर से शुरू होकर प्रताप विहार तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

झांकियों में भगवान हनुमान के विभिन्न रूपों और रामायण से जुड़े प्रसंगों का सुंदर प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। कुल मिलाकर, हनुमान जयंती का यह पर्व गाजियाबाद में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के अद्भुत संगम के रूप में मनाया गया, जिसने हर किसी को रामभक्ति में सराबोर कर दिया।

### जगह-जगह लगे भंडारे, श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

पूरे मार्ग में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भंडारों में भाग लिया और सेवा भाव से लोगों को भोजन कराया।

## हनुमान जयंती पर गाजियाबाद में गूंजा जय श्री राम का जयघोष

# विश्व हिंदू बजरंग दल ने निकाली भव्य मोटरसाइकिल यात्रा




**अरुण मिश्रा**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गाजियाबाद में विश्व हिंदू बजरंग दल द्वारा एक भव्य और विशाल मोटरसाइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने पूरे शहर को भगवामय बना दिया, जहां हर तरफ 'जय श्री राम' और 'बजरंग बली की जय' के जयघोष गूंजते नजर आए। यात्रा में सैकड़ों युवाओं, धर्मप्रेमियों एवं कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

यह विशाल बाइक रैली हरनंदी महानगर क्षेत्र से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने भगवा ध्वज लहराते हुए अनुशासन और उत्साह के साथ यात्रा को सफल बनाया। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष डॉ. बी. के. गुप्ता ने कहा कि हनुमान जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भगवान हनुमान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज की सेवा में आगे बढ़ें।

महानगर मंत्री अनिल सिंह रावत ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और जागरूकता का संदेश देते हैं। वहीं, महानगर सह-मंत्री संजीव बरनवाल ने सभी कार्यकताओं और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन की सफलता सभी के सहयोग का परिणाम है। इस भव्य आयोजन में अनेक गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरी यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जिसके लिए स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए 'धर्मो रक्षति रक्षितः' के संदेश के साथ समाज में धर्म और संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया।

## गाजियाबाद में पुलिस व्यवस्था को मिला आधुनिक स्वरूप, अपराध शाखा परिसर का भव्य उद्घाटन





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा आज लोहिया नगर स्थित अपराध शाखा परिसर में नवनिर्मित भवन एवं अत्याधुनिक सुविधाओं का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर परिसर के आधुनिक स्वरूप और उन्नत संसाधनों की सराहना की गई।

वर्ष 1976 में स्थापित यह परिसर लंबे समय से जिले की कानून-व्यवस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। अब इसे नई सोच, उन्नत तकनीक और मजबूत संकल्प के साथ पूरी तरह आधुनिक रूप दिया गया है, जिससे पुलिस कार्यप्रणाली में और अधिक दक्षता, पारदर्शिता एवं तत्परता आएगी।

नवीन सुविधाओं से सुसज्जित यह परिसर न केवल पुलिसकर्मियों के कार्य को और अधिक सुगम बनाएगा, बल्कि आमजन को भी बेहतर, तेज और संवेदनशील सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल को गाजियाबाद पुलिस की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में एक मजबूत कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# सनातन के समर्थन में एक्स मुस्लिम सलीम वस्तिक को संतों का मिला साथ, डासना देवी मंदिर से आर्थिक सहयोग का आह्वान

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** सनातन धर्म के समर्थन में आगे आए एक्स मुस्लिम सलीम वस्तिक को अब संत समाज का खुलकर समर्थन मिलने लगा है। इसी क्रम में डासना देवी मंदिर परिसर में संतों और धमार्चायों द्वारा उनके पक्ष में एकजुटता दिखाई गई तथा समाज से आर्थिक सहयोग करने की अपील की गई। संतों ने कहा कि सलीम वस्तिक ने सत्य और धर्म के मार्ग को अपनाते हुए साहसिक कदम उठाया है, जो समाज के लिए एक प्रेरणा है। ऐसे में उनका मनोबल बढ़ाना और हर संभव सहायता देना सभी सनातन अनुयायियों का दायित्व है।

मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित संतों ने कहा कि सलीम वस्तिक वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से श्रद्धालुओं और समाजसेवियों से आगे आकर सहयोग करने का आह्वान किया गया।

संत समाज ने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल एक व्यक्ति का समर्थन नहीं, बल्कि सनातन मूल्यों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का विषय है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति धर्म और सत्य के मार्ग पर चलता है, उसका साथ देना समाज का कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने भी सलीम वस्तिक के समर्थन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया और सहयोग राशि प्रदान करने की बात कही।

## अब बैंक बदलेगा, अकाउंट नंबर नहीं! आरबीआई के नए नियम से बढ़ेगी बैंकों की जवाबदेही

**अरुण मिश्रा**




**नई दिल्ली/गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** देश के बैंकिंग सेक्टर में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही ऐसा नया नियम लागू करने की तैयारी में है, जिसके तहत ग्राहक अपने बैंक अकाउंट नंबर को बदले बिना ही दूसरे बैंक में पोर्ट कर सकेंगे—ठीक वैसे ही जैसे मोबाइल नंबर पोर्ट किया जाता है। इस प्रस्तावित व्यवस्था के लागू होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक समेत सभी बैंकों पर ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने का दबाव बढ़ेगा। माना जा रहा है कि इससे बैंकों द्वारा मनमाने चार्ज वसूलने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगेगी। योजना के अनुसार, यदि किसी ग्राहक के खाते में EMI, SIP या ऑटो बिल पेमेंट जैसी सेवाएं सक्रिय हैं, तो बैंक पोर्टिंग के साथ ये सुविधाएं स्वत: नए बैंक में ट्रांसफर हो जाएंगी। इससे ग्राहकों को किसी प्रकार की तकनीकी या वित्तीय परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बैंकिंग विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम ग्राहकों को अधिक स्वतंत्रता देगा और बैंकिंग सिस्टम में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। वहीं आम लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में बैंकों द्वारा बढ़ते शुल्क और जटिल प्रक्रियाओं के चलते यह फैसला बेहद जरूरी हो गया था। हालांकि, अभी इस नियम को लेकर आधिकारिक घोषणा और लागू होने की तारीख का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन यदि यह योजना लागू होती है तो भारतीय बैंकिंग प्रणाली में यह एक ऐतिहासिक बदलाव साबित हो सकता है।

## अवैध कॉलोनियों पर जीडीए का बुलडोजर: मुरादनगर में 3600 वर्ग मीटर क्षेत्र में की बड़ी कार्रवाई

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने गुरुवार को मुरादनगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 3600 वर्ग मीटर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निदेशों के क्रम में दिनांक 02 अप्रैल 2026 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में टीम ने ग्राम सरना, मुरादनगर स्थित खसरा संख्या-602, 603, 605 में चल रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि श्री शहजाद मलिक, सलीम मलिक, शरद सिंघल पुत्र मुकेश सिंघल व अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र के लगभग दो फीट ऊंची चिनाई कर प्लॉटिंग की जा रही थी।

प्राधिकरण की टीम ने मौके पर कोई वैध स्वीकृति न मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण अभियान चलाते हुए कॉलोनी में बनाई गई सड़क, बाउंड्री वॉल और साइट ऑफिस सहित अन्य निमार्णों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजर एवं निर्माणकताओं द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ते की मौजूदगी में अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-2 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता मौके पर मौजूद रहा।

## थाना लिंक रोड का निरीक्षण, डीसीपी ने दिए अनुशासन और संवेदनशीलता के निर्देश

**अरुण मिश्रा**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल (नगर/ट्रांस-हिण्डन/मुख्यालय) द्वारा थाना लिंक रोड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया और वहां मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने साफ तौर पर कहा कि पुलिस कर्मियों का अनुशासन और कार्यप्रणाली बेहतर होना बेहद जरूरी है, ताकि आम जनता को समयबद्ध और प्रभावी न्याय मिल सके। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि जनता से व्यवहार में संवेदनशीलता बनाए रखें और प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें।

उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड मेंटेनेंस और कार्यों की पारदर्शिता को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसीपी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम रह सके।

# इंसानों के लिए मंगवा ली जानवरों वाली सिरिंज, नोएडा जिला अस्पताल में बड़ी लापरवाही

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**नोएडा।** नोएडा के जिला अस्पताल में सामने आया मामला केवल एक सामान्य गलती नहीं, बल्कि मरीजों की जान के साथ गंभीर खिलवाड़ का उदाहरण बन गया है। अस्पताल प्रशासन ने इंसानों के इलाज के लिए करीब 60,000 वेटरनरी (जानवरों में इस्तेमाल होने वाली) सिरिंज मंगा लीं। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी चूक किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की लापरवाही का परिणाम है।

जानकारी के अनुसार, सिरिंज की खरीद से जुड़ी फाइल पहले फार्मासिस्ट के पास गई, जहां से उसे आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद संबंधित अधिकारियों ने भी बिना ठीक से जांच किए उस पर हस्ताक्षर कर दिए। अंत में सीएमएस (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) तक ने इस खरीद को मंजूरी दे दी।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि फाइल कई स्तरों से गुजरने के बावजूद किसी ने यह देखने की जरूरत नहीं समझी कि खरीदी जा रही सिरिंज इंसानों के इलाज के लिए हैं या जानवरों के लिए।

यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि समय रहते इस गलती का पता न चलता तो इन सिरिंजों का इस्तेमाल मरीजों पर हो सकता था, जिससे उनकी सेहत को खतरा पैदा हो सकता था। अब देखना यह होगा कि इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# गाजियाबाद में 'जन सुरक्षा' पर सख्त रुख– डीएम बोले, पैनिक से पहले ही करें समाधान

**अरुण मिश्रा**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में 'लोक व्यवस्था एवं जन सुरक्षा' की पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जनपद में शांति, सुरक्षा और सुव्यवस्थित सामाजिक वातावरण को मजबूत बनाना रहा।

बैठक में पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। विभिन्न संगठनों–जैसे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), एम्बुलेंस एसोसिएशन, बैंकिंग, व्यापारिक, औद्योगिक, श्रमिक, ट्रांसपोर्ट, होटल-रेस्टोरेंट, पेट्रोलियम डीलर्स और आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ संगठनों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें और नियमित बैठकें सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित घटना या पैनिक स्थिति को पैदा होने से पहले ही रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। जरूरत पड़ने पर पुलिस और प्रशासन से तत्काल संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में यह भी दोहराया गया कि किसी भी नागरिक के साथ उत्पीड़न नहीं होना चाहिए और सभी को सुरक्षित व सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ जवाबदेही तय की जाएगी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नियमित संवाद और बैठकों के माध्यम से जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाएगा, जिससे जनसामान्य के हितों की प्रभावी रक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, एसीपी कोतवाली, जिला सूचना अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।